आश्विन शुक्ल - 6 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 87 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 20-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित


## प्रेरणा प्रतीक - तृतीय पुण्यस्मरण



समाज रत्न, दानवीर, भामाशाह

**सेठ साहब श्री केशरीमलजी बुरड़**

पूर्व राष्ट्रीय : अध्यक्ष एवं चेयरमैन विश्वस्थ मंडल, जैन कांफ्रेंस, नई दिल्ली

संस्थापक अध्यक्ष : श्री गुरु सौभाग्य मदन गौशाला, देवगढ़

स्वर्गवास : 14.10.2020

दानवीर, सरलमना, समाजसेवी

**सेठ साहब श्री सुजानमलजी बुरड़**

पूर्व अध्यक्ष : श्री मेवाड़ जैन बीसा ओसवाल जैन संघ, बेंगलूरु

पूर्व अध्यक्ष : श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन संघ, फ्रेजर टाउन, बेंगलूरु

स्वर्गवास : 20.10.2020

**सुपुत्र : स्व. श्रीमती गेहरीबाई - स्व. श्री हगामीलालजी बुरड़, देवगढ़**

कुछ लोग जिन्दगी में जिन्दगी ढूंढ पाते हैं, कुछ होते हैं तो खुल कर मुस्कुराते हैं।
उनकी आंखों की चमक हमारी जिन्दगी का नूर बन जाती है, चाहे जितना भी मिले, उनके साथ जिन्दगी भरपूर नजर आती है।
उनके किस्सों की गठरियों से खुशबू सुकुन की आती है, हर दबंग प्रसंग में दिलेरी और निर्भयता नजर आती है।
बच्चों से लगाव, शांत स्वभाव और सभी से सम्मान पाते हैं, तभी तो हर अपने और पराये के **बाऊसा/काकासा** कहलाते हैं।

हम सबसे चहेते आदरणीय **बाऊसा/काकासा** हमेशा समाजसेवा के लिए तत्पर रहे और अपने मिलनसार व्यक्तित्व से हमारे मार्गदर्शक बने। उनके समावेशित नजरिये और प्रेरणा से समाज में कई महत्वपूर्ण कार्यों की नींव स्थापित हुई। ऐसे हमारे प्रेरणा प्रतीक **बाऊसा/काकोसा** के तृतीय पुण्यस्मरण पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**बुरड़ परिवार द्वारा आपके स्मरणार्थ श्री गुरु सौभाग्य मदन गौशाला देवगढ़ सहित वृद्धाश्रम और अनाथाश्रमों में कई सेवा के कार्यों में विशेष योगदान दिया जाएगा।**


आदरणीय बाऊसा और काकासा की विरासत को सम्मान देने एवं उनके द्वारा
प्रस्तुत आदर्शों, सिद्धांतों व विचारों को आत्मसात करने हेतू सदैव आपके चरणों में तत्पर आपके अपने

**श्रीमती शकुंतलादेवी बुरड़, प्रकाश-आरती, आदिती, वैभव बुरड़**

**पुत्री-दामाद, सुपौत्र, सुपौत्री, दोहिता, दोहिती**

एवं समस्त बुरड़ परिवार, बेंगलूरु-देवगढ़-उदयपुर

**आनंद इंटरप्राइजेज,** बेंगलूरु




# अगला चुनाव गरीबों और पूंजीपतियों के बीच की लड़ाई : जगन मोहन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**येम्मिगनूर (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को राज्य में अगले विधानसभा चुनाव को गरीबों और प्रमुख पूंजीपति वर्ग के बीच की लड़ाई करार दिया।

उन्होंने यह बात कुरनूल जिले के येम्मिगनूर में एक जन सभा में कही और लड़ाई को 'वर्ग युद्ध' कहा। सभा में उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना 'जगन्ना चेदोड़ु' के तहत वित्तीय सहायता का विरतण किया। रेड्डी ने कहा, लड़ाई जातियों के बीच नहीं है, यह एक वर्ग युद्ध है जिसमें एक तरफ गरीब वर्ग है और दूसरी तरफ प्रमुख पूंजीपति वर्ग है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस लड़ाई में उनके पास तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू या जनसेना प्रमुख पवन कल्याण की तरह आधा दर्जन मीडिया घरानों का समर्थन नहीं है। उन्होंने हालांकि कहा कि ईश्वर उनके साथ हैं और उन्हें लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगले चुनाव में वोट डालने के लिए जाते समय एक बात याद रखें कि इससे (योजना) उनके परिवार को फायदा हुआ या नहीं। उन्होंने लोगों से कहा अगर उन्हें लाभ हुआ है तो उनके साथ सैनिकों की तरह खड़े रहें।

मुख्यमंत्री ने पात्र लाभार्थियों को 'जगन्ना चेदोड़ु' योजना के तहत लगभग 325 करोड़ रुपए वितरित किए। पात्र लाभार्थियों में दर्जी, नाई और अन्य लोग शामिल हैं। प्रति व्यक्ति 10 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी गई।

# कुछ लोग चुनाव में जीत के लिए तांत्रिक अनुष्ठानों का सहारा ले रहे हैं : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में जीत के लिए जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) वोट मांगने के लिए लोगों के बीच पहुंच रही है, वहीं 'कुछ लोग' तांत्रिक अनुष्ठानों का सहारा ले रहे हैं।

उनकी यह टिप्पणी उज्जैन के एक श्मशान घाट से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने के एक दिन बाद आई है, जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ की तस्वीर के आसपास कथित तांत्रिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

हालांकि प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की बात को खारिज कर दिया। चौहान ने यहां कहा, हम लोगों तक पहुंच रहे हैं और उन्हें अपने काम के बारे में बता रहे हैं, जबकि कुछ लोग श्मशान में 'तांत्रिक क्रिया' कर रहे हैं। क्या यही लोकतंत्र है? लोकतंत्र में जनता की पूजा की जाती है। यह लोगों का विश्वास जीतने, उनकी सेवा करने का तरीका है।

मुख्यमंत्री भोपाल में प्रदेश भाजपा प्रमुख वी डी शर्मा के साथ अपनी पार्टी के हाई-टेक 'रथों' या प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाने के बाद बोल रहे थे। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव है। चौहान ने कहा, हमने काम किया है और उसी के आधार पर हम वोट मांग रहे हैं। आप श्मशान में तांत्रिक क्रिया कर रहे हैं, क्या आपके इस कदम से देश या राज्य और उसके लोगों को मदद मिलेगी? (उज्जैन में) भगवान महाकाल की पूजा करें। मैंने भी महाकाल से प्रार्थना की है।



भाजपा नेता ने यह भी कहा कि वह आश्चर्यचकित हैं क्योंकि जिन्हें तांत्रिक अनुष्ठानों में कोई विश्वास नहीं है वे अब ऐसी चीजों का सहारा ले रहे हैं। इस बारे में प्रतिक्रिया मांगे जाने पर प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता के के मिश्रा ने कहा कि भाजपा को 'तांत्रिक क्रिया' के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि इसने राज्य को राजनीतिक रूप से श्मशान में बदल दिया है।

# पुणे में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सहित दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक गांव के निकट बृहस्पतिवार की शाम एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस ने बताया कि पश्चिम महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती तालुका में दुर्घटनाग्रस्त विमान के पायलट और विमान में सवार एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने हालांकि दोनों के संभावित चोटों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने बताया कि विमान एक निजी उड़ान प्रशिक्षण अकादमी से संबंधित था।

बारामती पुलिस थाने के निरीक्षक प्रभाकर मोरे ने कहा, एक प्रशिक्षण विमान (रेडबर्ड फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी से संबंधित) शाम लगभग पांच बजे बारामती तालुका अंतर्गत कटफल गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार पायलट और एक अन्य व्यक्ति, संभवतः सह-पायलट, को अस्पताल ले जाया गया है।

दुर्घटना का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# त्योहारी सीजन के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी : खाद्य सचिव

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने भरोसा दिलाया है कि इस त्योहारी सत्र के दौरान आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतें स्थिर रहेंगी। चोपड़ा ने कहा कि मौजूदा विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के दौरान चीनी निर्यात की अनुमति देने के बारे में निर्णय कृषि मंत्रालय का गन्ने का उत्पादन अनुमान आने के बाद लिया जाएगा।

खाद्य सचिव गेहूं, चावल, चीनी और खाद्य तेल जैसे प्रमुख आवश्यक खाद्य पदार्थों की घरेलू आपूर्ति और कीमतों के बारे में मीडिया को जानकारी दे रहे थे। चोपड़ा ने यहां संवाददाताओं से कहा, त्योहारी मौसम के दौरान कीमतें स्थिर रहने की उम्मीद है। हम त्योहारी सत्र में (खाद्य वस्तुओं की कीमतों में) किसी भी तरह की बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में कीमतें स्थिर रहेंगी। सचिव ने कहा कि सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में कुछ फैसले लिए हैं। सरकार ने हाल ही में अपने नियंत्रण वाले सभी उपायों का उपयोग किया है, चाहे वह व्यापार नीति हो या स्टॉक सीमा मानदंड।



# गूगल को भारत में तीन साल में 'टेंसर' चिप संयंत्र लाना चाहिए : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल से तीन साल में भारत में अपने 'टेंसर' चिपसेट का उत्पादन शुरू करने के लिए कहा है। इस बीच कंपनी ने बृहस्पतिवार को भारत में पिक्सल स्मार्टफोन के निर्माण की घोषणा की है।

संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने गूगल को जल्द से जल्द भारत में प्रीमियम पिक्सल फोल्ड डिवाइस लाने का भी सुझाव दिया है।

टेंसर जी3 चिपसेट में गूगल के कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को बढ़ावा देने के लिए एआरएम सेंट्रल प्रसंस्करण इकाइयों की नवीनतम पीढ़ी, एक उन्नत ग्राफिक्स प्रसंस्करण इकाई (जीपीयू), और अगली पीढ़ी की टेंसर प्रसंस्करण इकाई (टीपीयू) शामिल हैं। वैष्णव ने 'गूगल फॉर इंडिया' कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, मैंने उनसे तीन साल में टेंसर को भारत में लाने के लिए कहा है। आने वाले दिनों में, उन्हें भारत में टेंसर का निर्माण शुरू करना चाहिए।

# आयकर विभाग ने यथार्थ अस्पताल समूह के दिल्ली, नोएडा स्थित परिसरों पर छापेमारी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आयकर विभाग ने कर चोरी के आरोप में बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश और दिल्ली में यथार्थ अस्पताल समूह के कई परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि आयकर विभाग समूह के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, झांसी और दिल्ली स्थित कार्यालयों और परिसरों में सुबह से ही तलाशी अभियान चला रहा है।

पीटीआई-भाषा द्वारा अस्पताल को भेजे गए ईमेल का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला है। यथार्थ समूह उत्तर प्रदेश के नोएडा और ग्रेटर नोएडा तथा मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के ओरछा में मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल का संचालन करता है। सूत्रों ने कहा कि विभाग ने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं और समूह प्रबंधन के प्रमुख व्यक्तियों से पूछताछ जारी है।

# उत्तराखंड ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले 54,550 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली/देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड सरकार ने वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और दिल्ली में अबतक कुल 54,550 करोड़ रुपए के निवेश समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। खाड़ी देशों की यात्रा से लौटने के बाद मुख्यमंत्री धामी ने राष्ट्रीय राजधानी में पत्रकारों से कहा, उन्होंने उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए लंदन, बर्मिंघम, दिल्ली और अब दुबई तथा अबू धाबी में विभिन्न निवेशक समूहों के साथ बैठकें कीं। पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा, दवा, कृषि क्षेत्र में निवेशकों से कई करार हुए हैं। निवेशकों में उत्तराखंड आने और निवेश करने को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा, हजारों करोड़ के निवेश को लेकर दुबई और अबू धाबी में करार किए गए हैं। इसके अलावा काफी प्रस्ताव भी मिले हैं। देश के अन्य शहरों में भी निवेशकों के साथ संवाद और रोड शो आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जो भी नीतियां बनाई हैं, निवेशकों, उद्योगों तथा उत्तराखंड के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर बनाई हैं।

# युद्ध के बीच इजराइली के लिए 'काम' में जुटा है केरल का एक शहर

**कन्नूर (केरल)/भाषा।** इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को लेकर केरल में राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की अलग-अलग राय हो सकती है, लेकिन उत्तरी केरल के एक शहर में लोगों का एक समूह युद्ध शुरू होने से पहले और बाद में भी इजराइल के लिए पूरी लगन से काम कर रहा है। कन्नूर में एक स्थानीय परिधान इकाई के सैकड़ों दर्जी पिछले आठ वर्षों से इजराइली पुलिस की वर्दी की कमीज तैयार करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। राजनीतिक हलचल से दूर कन्नूर हथकरघा और कपड़ा निर्यात की अपनी गौरवशाली परंपरा के लिए भी जाना जाता है। जिले में स्थापित हथकरघा कंपनी 'मरयान अपैरल प्रा. लि.' के दर्जी और कर्मचारी इजराइली पुलिस की वर्दी की लंबे आस्तीन वाली हल्के नीले रंग की कमीज तैयार करते हैं। इस कंपनी के मालिक थॉमस ओलिकल ने बताया कि उनके यहां वर्तमान में 1,500 से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी काम कर रहे हैं। इडुक्की जिले के निवासी थॉमस ने बताया कि युद्ध शुरू होने के बाद भी इजराइली पुलिस ने कंपनी से संपर्क किया। इतना ही नहीं, अधिक वर्दी तैयार करने का अतिरिक्त काम भी दिया है। इजराइली पुलिस ने इस साल एक नया उत्पाद तैयार करने के लिए काम दिया है और पहली खेप दिसंबर तक भेज दी जाएगी।

# आरआरटीएस के स्टेशनों पर एआई तकनीक से होगी सामान की जांच

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के स्टेशनों पर सामान की जांच के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा जिससे प्रतिबंधित या निषिद्ध सामान की पहचान होने पर सुरक्षा कर्मियों को चौकन्ना किया जा सकेगा। एनसीआरटीसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन पर 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) के 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता वाले हिस्से का उद्घाटन करेंगे। इस मार्ग पर यात्री सेवाएं शनिवार सुबह छह बजे से शुरू हो जाएंगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में आरआरटीएस के सभी स्टेशनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल को सौंपी है और प्राथमिकता वाले खंड के स्टेशनों पर सुरक्षा बल की तैनाती कर दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के अनुसार स्टेशनों पर जांच करने और अपराधों को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस एक त्वरित प्रतिक्रिया दल, बम निरोधक दस्ता और श्वान दस्ता तैनात करेगी। आरआरटीएस कॉरिडोर का निर्माण एनसीआरटीएस द्वारा रैपिडएक्स सेवा के लिए किया जा रहा है। यह केंद्र सरकार का दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारों के साथ संयुक्त उपक्रम है। एनसीआरटीसी को दिल्ली से मेरठ के बीच देश के पहले आरआरटीएस के निर्माण की निगरानी का काम सौंपा गया है। अधिकारी ने कहा कि एनसीआरटीसी चाहता है कि आधुनिक तकनीक और एआई का इस्तेमाल कर सुरक्षा जांच के समय को यथासंभव कम किया जाए।

# नई आरआरटीएस रेलगाड़ियों को 'नमो भारत' के नाम से जाना जाएगा : सूत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** नई 'रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम' (आरआरटीएस) रेलगाड़ियों को 'नमो भारत' के नाम से जाना जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को आरआरटीएस के प्राथमिकता खंड का उद्घाटन करेंगे। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का 17 किलोमीटर लंबा प्राथमिकता वाला खंड इसके उद्घाटन के बाद 21 अक्टूबर को यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को बताया था कि मोदी भारत में आरआरटीएस की शुरुआत करते हुए साहिबाबाद और दुहाई डिपो को जोड़ने वाली एक रैपिडएक्स ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएमओ ने बताया था कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस गलियारे का 17 किलोमीटर प्राथमिकता खंड गाजियाबाद, गुलधर और दुहाई स्टेशनों के जरिए साहिबाबाद को दुहाई डिपो से जोड़ेगा। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने आठ मार्च 2019 को दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ गलियारे की नींव रखी थी। नए विश्व स्तरीय परिवहन बुनियादी ढांचे के निर्माण के जरिए देश में क्षेत्रीय संपर्क को बदलने की प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि के अनुसार आरआरटीएस परियोजना विकसित की जा रही है। आरआरटीएस 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से एक नई रेल आधारित, उच्च गति, उच्च आवृत्ति के साथ क्षेत्रीय यात्रा की सुविधा प्रदान करने वाली प्रणाली है। पीएमओ ने बताया है कि यह एक परिवर्तनकारी क्षेत्रीय विकास पहल है, जिसमें अंतर शहरी आवागमन के लिए हर 15 मिनट में उच्च गति वाली ट्रेन उपलब्ध होगी और आवश्यकता के अनुसार यह हर पांच मिनट में भी उपलब्ध हो सकती है।

# हेरोइन तस्करी मामला : एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गुजरात पुलिस द्वारा जब्त की गई करीब 39 किलोग्राम हेरोइन से जुड़े एक मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खिलाफ बृहस्पतिवार को एक आरोपपत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने बताया कि जांच एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षडयंत्र), 201 (सबूत गायब होना), 465 (जालसाजी) और 471 (धोखाधड़ी) के अलावा सूचना प्रौद्योगिकी कानून, स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) कानून के प्रावधानों के तहत एक विशेष अदालत में पूरक आरोपपत्र दाखिल किया।

अहमदाबाद के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने शुरुआत में 15 सितंबर 2022 को मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। एनआईए प्रवक्ता ने कहा, इसके बाद, एनआईए ने मामले का प्रभार संभाला, 20 अगस्त 2023 को इसे फिर से दर्ज किया। इस मामले में जांच अभी जारी है।

# जुआ, अवैध सट्टेबाजी से भारत को सालाना दो लाख करोड़ रुपए के कर राजस्व का नुकसान : रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** क्रिकेट विश्वकप-2023 अपने पूरे रंग में है और इसके साथ ही गैरकानूनी सट्टेबाजी गतिविधियां भी जोर पकड़ रही हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गैरकानूनी सट्टेबाजी और जुआ गतिविधियों से कर विभाग को करीब दो लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। 'थिंक चेंज फोरम' (टीसीएफ) की रिपोर्ट के अनुसार, खेल मुकाबलों पर अवैध सट्टेबाजी बाजार में भारत से सालाना 8,20,000 करोड़ रुपए (100 अरब डॉलर) के दांव लगाए जाते हैं।

इसमें कहा गया कि डिजिटल ढांचा वृद्धि, स्मार्टफोन का इस्तेमाल बढ़ने और खेल गतिविधियों में बढ़ोतरी जैसे कारकों से अवैध सट्टेबाजी में लगाई जाने वाली राशि लगातार बढ़ रही है। नियामकीय प्रतिबंधों के बावजूद भारत के अवैध सट्टेबाजी और जुआ बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 28 प्रतिशत की मौजूदा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर के हिसाब से 8,20,000 करोड़ रुपए की 'सट्टा राशि' पर भारत को हर साल 2,29,600 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए नई जीएसटी व्यवस्था का सख्ती से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कार्यबल स्थापित करने और विदेशी ऑपरेटरों को भारत में पंजीकरण के लिए मजबूर करना होगा। इससे वैध गेमिंग मंचों से विदेशी मंचों पर प्रवाह को रोकने में मदद मिलेगी।



# बीआरएस भाजपा की 'बी-टीम' नहीं; राहुल नेता नहीं, दूसरों के लिखे भाषण पढ़ते हैं: रामाराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'बी-टीम' करार देने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए तेलंगाना के मंत्री केटी रामाराव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी के साथ गठजोड़ में नहीं है, लेकिन लोग कांग्रेस के बारे में जरूर सोचते हैं कि वह 'सी-टीम' है जिसका मतलब होता है 'चोर-टीम'। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष रामाराव ने कहा कि राहुल गांधी 'लीडर' (नेता) नहीं हैं, बल्कि 'रीडर' (पाठक) हैं और पार्टी नेताओं द्वारा उन्हें मुहैया कराए गए भाषण पढ़ते हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, आप कह रहे हैं कि हम भाजपा की 'बी-टीम' हैं। हम 'बी-टीम' नहीं हैं, बल्कि आप (कांग्रेस) 'सी-टीम, चोर-टीम' हैं। रामाराव ने सवाल किया कि राहुल गांधी गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान उस राज्य में क्यों नहीं गए थे और उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' महाराष्ट्र का दौरा करके क्यों लौट गई थी। राहुल गांधी ने बुधवार को मुलुगू में एक रैली में अपने भाषण में आरोप लगाया था कि बीआरएस भाजपा की 'बी-टीम' है और दोनों पार्टियों के बीच गुप्त समझौता है। तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष ए रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए रामाराव ने दावा किया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पहले एक बार एक विधायक का वोट खरीदने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया था।

राज्य में 80,000 करोड़ रुपए के बजट में बनी एक सिंचाई परियोजना में एक लाख करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के राहुल के आरोपों का जिक्र करते हुए रामाराव ने कहा कि या तो कांग्रेस नेता को गणित नहीं आता या उनका भाषण लिखने वाले ने ऐसा लिख दिया होगा।

# 'कांग्रेस सत्ता में आई तो देशभर में जाति आधारित जनगणना कराएंगे'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेद्दापल्ली (तेलंगाना)/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर कांग्रेस तेलंगाना और केंद्र में सत्ता में आई तो पूरे देश में जाति आधारित गणना शुरू की जाएगी।

राहुल ने यहां एक रैली में कहा, मैं आपको बता रहा हूं कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद हम जाति आधारित गणना का काम शुरू करेंगे। हम भारत में भी ऐसा ही करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कांग्रेस द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना के आंकड़ें जारी करने को कहा था।

उन्होंने कहा, मैंने प्रधानमंत्री से पूछा कि अगर आप ओबीसी का समर्थन कर रहे हैं तो आप जाति आधारित गणना के आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं करते हैं। तेलंगाना के मुद्दों के बारे में उन्होंने कहा कि अगर पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो कांग्रेस सरकार सिंगरेनी खदानों के निजीकरण के कथित प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देगी।



राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले पांच चुनावी गारंटी दी थी और उन वादों को पूरा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी इसी तरह तेलंगाना में सरकार बनने के तुरंत बाद राज्य के लिए घोषित सभी छह गारंटी को पूरा करेगी।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा था कि इन गारंटी के लिए कोई निधि नहीं है, इस पर राहुल ने कहा, केसीआर जी, यह आपकी नहीं बल्कि लोगों की सरकार होगी। हम आज आपकी (केसीआर) जेब में जा रहे धन को निकालेंगे और उसे लोगों को देंगे।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव 'केसीआर' के नाम से मशहूर हैं।

■ आश्विन शुक्ल - 6 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 87 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » शुक्रवार » 20-10-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित





5 कांग्रेस नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही है : शाह

6 मोदी सरकार ने नौकरशाही को दिया है सख्त संदेश

7 थलपति विजय ने नया वर्जन 'मास्टर एस लियो' किया जारी



## देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाना होगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य सरकारों को युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों का दायरा बढ़ाना होगा जिससे वे देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेंगे। महाराष्ट्र में 511 'प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों' का उद्घाटन वीडियो लिंक के माध्यम से करने के बाद मोदी ने कहा कि राज्य सरकारों को इस तरह से कौशल विकास कार्यक्रम तैयार करने चाहिए कि वे देश के विकास में मदद करें।

एक सरकारी वक्तव्य के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत प्रमोद महाजन के नाम पर इन ग्रामीण कौशल्य विकास केंद्रों की स्थापना महाराष्ट्र के 34 ग्रामीण जिलों में की जा रही है। मोदी ने कहा, समय की जरूरत है कि विनिर्माण क्षेत्र में ऐसे उत्पाद बनाए जाएं जिनमें कोई भी खराबी नहीं हो, सरकारों को सेवा क्षेत्र, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था और आधुनिक प्रौद्योगिकी में भी नए कौशल पर ध्यान देने की जरूरत है।

### मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को दिलाया मदद का भरोसा

**नई दिल्ली/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाज़ा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी पोस्ट में कहा, फ़िलिस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की। गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त की। हम फ़िलिस्तीनी लोगों के लिए मानवीय सहायता भेजना जारी रखेंगे। मोदी ने यह भी कहा, क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की।

## सामाजिक एकता और समानता से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है : मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मोतिहारी/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि सामाजिक एकता और समानता से ही राष्ट्र के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार के मोतिहारी में महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधाराओं पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हर छात्र को समान अवसर मिलना चाहिए और जरूरत पड़ने पर लड़कियों को और अधिक सुविधाएं दी जानी चाहिए । उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताये रास्ते पर चलने की अपील करते हुए कहा कि सादगी और सच्चाई समृद्धि के लिए आवश्यक है। विश्वविद्यालय की शिक्षा सच्चे और प्रतिबद्ध समाज सेवकों को तैयार करने के लिए है।

श्रीमती मुर्मू ने स्वतंत्रता आंदोलन में चंपारण के गौरवशाली इतिहास और योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के आह्वान पर जाति धर्म का भेद भूल कर सभी एकजुट हुए और ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने पर मजबूर कर दिया । उन्होंने बिहार की विविधता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि राज्य में पर्यटन और अन्य क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।



### कात्यायनी

**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी।**

मां दुर्गा के छठवें स्वरुप का नाम कात्यायनी है। इनका कात्यायनी नाम पड़ने की कथा इस प्रकार है – कत नामक एक प्रसिद्ध ऋषि हुए। उनके पुत्र ऋषि कात्य हुए। इन्हीं कात्य के गौत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए। इन्होंने भगवती पराम्बा की उपासना करते हुए बहुत वर्षा तक कठिन तपस्या की। इनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। कालान्तर में दानव महिषासुर के अत्याचार जब बढ़े। तब भगवान ब्रह्म, विष्णु और महेश तीनों ने अपने तेज का अंश देकर एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम उनकी पूजा की। इसी कारण से यह कात्यायनी कहलायीं।

### फर्स्ट टेक

### रघुवर दास को ओडिशा, इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल बनाया गया

**नई दिल्ली/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू को त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति भवन ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दास 2014 से 2019 तक झारखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह राज्य के पहले गैर-आदिवासी मुख्यमंत्री बने थे। उन्हें प्रोफेसर गणेशी लाल के स्थान पर ओडिशा का राज्यपाल बनाया गया है जिनका कार्यकाल पूरा हो गया है। दास 1977 में जनता दल का हिस्सा थे और 1980 में संस्थापक सदस्य के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे। उन्हें 2004 में भाजपा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। भाजपा के जमीनी नेता दास टाटा स्टील के पूर्व कर्मचारी हैं। इंद्र सेना रेड्डी नल्लू तेलंगाना से भाजपा के नेता हैं। नल्लू भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारी के सदस्य हैं और वह त्रिपुरा के राज्यपाल के रूप में सत्यदेव नारायण आर्य का स्थान लेंगे। राष्ट्रपति भवन से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ये नियुक्तियां करते हुए खुशी हो रही है।

| 20-10-2023 सूर्यास्त | 21-10-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:58 बजे | 6:10 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,629.24 | 19,624.70 |
| (-247.78) | (-46.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,223 रु. | 73,500 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### याचिका खारिज होने के बाद शिवकुमार ने कहा;

## भागने वाला नहीं हूं, कानून के दायरे में जवाब दूंगा



**बेंगलूरु।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने अपने खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में दर्ज प्राथमिकी रद्द करने की उनकी याचिका खारिज करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें अदालत पर भरोसा है और वह आरोपों का कानून के दायरे में जवाब देंगे। अदालत ने मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शिवकुमार के खिलाफ दायर प्राथमिकी को रद्द करने के अनुरोध वाली उनकी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह आरोपों से भागने वाले नहीं हैं और हर आरोप का जवाब देंगे। शिवकुमार ने कहा, ''मैंने अदालत में अपील दायर कर कहा था कि प्राथमिकी सही नहीं है। येडीयुरप्पा (भाजपा) सरकार के दौरान, राजनीतिक मकसद से उन्होंने सीबीआई को मंजूरी दी थी। उन्होंने (सीबीआई ने) कहा है (अदालत में) कि उन्होंने 90 प्रतिशत जांच पूरी कर ली है, लेकिन अब तक मुझे मेरी संपत्ति के बारे में पूछताछ करने के लिए एक बार भी नहीं बुलाया गया है।'' उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरी और मेरी पत्नी की संपत्तियों के बारे में जांच करनी होगी, लेकिन उन्होंने इस बारे में अब तक हमसे पूछताछ नहीं की है। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने 90 प्रतिशत जांच कैसे पूरी कर ली?''

### हीरानंदानी के सीईओ दर्शन हीरानंदानी ने कहा

## मोदी को बदनाम करने के लिए साधा महुआ मोइत्रा ने अडाणी पर निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** रियल एस्टेट से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में काम करने वाले समूह हीरानंदानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दर्शन हीरानंदानी ने बृहस्पतिवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता महुआ मोइत्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने के लिए उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोइत्रा का इरादा प्रधानमंत्री को बदनाम करना था क्योंकि उनकी प्रतिष्ठा के कारण विपक्षी दलों को उन पर हमले का मौका नहीं मिलता।

आरोप लगा है कि हीरानंदानी समूह ने अडाणी समूह के बारे में संसद में सवाल उठाने के लिए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को कथित तौर पर भुगतान किया था।

एक हस्ताक्षरित हलफनामे में हीरानंदानी ने स्वीकार किया कि सरकार के स्वामित्व वाली इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) द्वारा उनकी कंपनी के एलएनजी टर्मिनल के बजाये ओडिशा में धामरा एलएनजी आयात सुविधा केंद्र को चुनने के बाद उन्होंने अडाणी पर निशाना साधते हुए सवाल पूछने के लिए मोइत्रा के संसदीय लॉगिन का इस्तेमाल किया था। 'पीटीआई' ने इस हलफनामे की प्रति देखी है। उन्होंने दावा किया कि मोइत्रा ने ''महंगी विलासिता की वस्तुएं, दिल्ली में उनके आधिकारिक तौर पर आवंटित बंगले के नवीनीकरण में सहायता, यात्रा खर्च, छुट्टियों के अलावा देश और दुनिया में विभिन्न स्थानों पर उनकी यात्राओं के लिए मदद की लगातार मांग की।''

इस सप्ताह की शुरुआत में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे और मोइत्रा के अलग हुए साथी और वकील जय अनंत देहाद्रई ने आरोप लगाया कि मोइत्रा ने संसद में सवाल उठाने के लिए हीरानंदानी से मदद ली। इस पर मोइत्रा ने उनके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष मानहानि का मुकदमा किया है। इस बीच, दुबे की शिकायत को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद की आचार समिति को भेज दिया है। हीरानंदानी से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो पाया। हलफनामा सार्वजनिक होने के बाद उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर अपना अकाउंट डिलीट कर दिया।

## चंद्रयान-3 के रोवर के फिर से सक्रिय होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है : सोमनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोच्चि/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि चंद्रयान-3 का रोवर 'प्रज्ञान' चंद्रमा की सतह पर सुप्तावस्था में है, लेकिन इसके फिर से सक्रिय होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी इस बात से भली-भांति अवगत है कि रोवर और लैंडर 'विक्रम' चंद्रमा की सतह पर सुप्तावस्था या निष्क्रय अवस्था में चले गये हैं। उन्होंने कहा कि 'चंद्रयान-3' मिशन का उद्देश्य 'सॉफ्ट लैंडिंग' था और इसके बाद अगले 14 दिन तक प्रयोग किए गए और सभी जरूरी आंकड़े एकत्र कर लिये गये हैं।

सोमनाथ ने यहां मलयाला मनोरमा समूह द्वारा आयोजित 'मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव 2023' को संबोधित करते हुए कहा, ''अब यह वहां शांति से सो रहा है...इसे अच्छे से सोने दो..हम इसे परेशान न करें...जब यह अपने आप उठना चाहेगा, तो उठेगा...मैं अभी इसके बारे में यही कहना चाहता हूं।''

यह पूछे जाने पर कि क्या इसरो को अब भी उम्मीद है कि रोवर फिर से सक्रिय हो जाएगा, उन्होंने कहा, ''उम्मीद रखने का कारण है।''

सोमनाथ ने अपनी 'उम्मीद' के कारण बताते हुए कहा कि इस मिशन में एक लैंडर और एक रोवर शामिल थे । उन्होंने बताया कि चूँकि लैंडर एक विशाल संरचना है, इसलिए इसका पूरी तरह से परीक्षण नहीं किया जा सका।

### 'नासा का मार्स हेलिकॉप्टर मंगल पर नई उड़ान भरने का प्रयास करेगा'

**लॉस एंजिल्स/वार्ता।** अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) अपना मार्स हेलीकॉप्टर को इस सप्ताह मंगल ग्रह (लाल ग्रह) भेजने की योजना बना रहा है। नासा ने बुधवार को यह जानकारी दी। नासा ने बताया कि लाल ग्रह की 63वीं नई उड़ान 19 अक्टूबर से पहले निर्धारित नहीं है। नासा ने उम्मीद जतायी है कि उसका मार्स हेलिकॉप्टर लाल ग्रह में एक नए हवाई क्षेत्र में खुद को स्थापित करने के लिए 137 सेकंड के लिए लगभग 574 मीटर की उड़ान भरेगा। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक अब तक हेलीकॉप्टर ने 62 उडानें भरी है और मंगल ग्रह पर कुल 113 मिनट के समय में 13.9 किलोमीटर की कुल दूरी तय की है। नासा के मुताबिक इन्जनूइटी नाम का हेलिकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सवीरेंस रोवर के बेली से जुड़ा हुआ था। यह पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन है। नासा के अनुसार हेलिकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और जमीन से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी तक 90 सेकंड तक उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।



## भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/वार्ता।** भारत ने गुरुवार को आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 के 17वें मुकाबले में विराट कोहली 97 गेंदों में 103 रन की शतकीय और शुभमन गिल के 55 गेंदों में 53 रन अर्ध शतकीय पारी की बदौलत बांग्लादेश को सात विकेट से हराया दिया हैं।

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आज खेले जा रहे मुकाबले में 257 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर टीम को एक मजबूत शुरुआत दी। भारत का पहला विकेट 13 ओवर की चौथी गेंद पर रोहित शर्मा 48 रन के रूप में गिरा। उन्हें महमूद की गेंद पर हृदोय ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल 53 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें मिराज ने महमुदउल्लाह के हाथों कैच आउट कराया। उस समय टीम का स्कोर 132 रन था। गिल के आउट होने बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए रन बटोर। उन्होंने 97 गेंदों पर 103 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली और भारत के विजयी शॉट लगाया। 30वें ओवर की पहली गेंद पर भारत का तीसरा विकेट श्रेयस अय्यर 19 रन के रूप में गिरा। वह मिराज की गेंद पर महमुदउल्लाह को कैच थमा बैठे। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये के एल राहुल नाबाद 34 रन ने विराट के साझेदारी करते हुए 41.3 गेंदों में तीन विकेट 261 बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी।

बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 47 रन देकर दो विकेट लिये। जबकि हसन महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज भारतीय गेंदबाज बुमराह, सिराज और रविंद्र जडेजा ने दो-दो विकेट और शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट की बदौलत बांग्लादेश को 256 रन के स्कोर पर रोक दिया है।

आज टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने उतरे बांग्लादेश के लिए सलामी लिट्टन दास और तंजीद हसन ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी की।

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### चुनावी सुगबुगाहट

अपराध को अब धर्म जाति का,
दे रहे हैं रंग सारे।
नये प्रस्ताव को मिल कर विपक्षी,
कर रहे हैं भंग सारे।
जन समस्या पर बढ़ी चैतन्यता को,
देख कर हैं दंग सारे।
जब बँटे संबंध तो सबने कहा यूं,
ये चुनावी ढंग सारे।

## हमास ने इजराइल पर हमले के लिए संभवतः उ. कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल किया

### गाजा पर जमीनी हमले के लिए इजराइल के रक्षा मंत्री ने तैयार रहने को कहा

**खान यूनिस (गाजा)/एपी।** इजराइल के रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने थल सेना को गाजा पट्टी में घुसने के लिए तैयार रहने को कहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमला कब शुरू किया जाएगा। बृहस्पतिवार को गाजा सीमा पर इजराइली इंफेंट्री सैनिकों के साथ एक बैठक में गैलेंट ने सैनिकों से गाजा में घुसने के लिए ''सुसंगठित होने, तैयार रहने'' का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, ''मैं आपसे वादा करता हूं कि जिसने भी गाजा को दूर से देखा है, वह अब अंदर से इसे देखेगा।'' इजराइल ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद सीमा पर हजारों सैनिकों को तैनात किया है।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सियोल/एपी।** इजराइल पर सात अक्टूबर के हमले में हमास के लड़ाकों ने संभवत: उत्तर कोरिया के हथियारों का इस्तेमाल किया था। इजराइल द्वारा जुटाए गए आतंकवादियों के वीडियो और जब्त हथियारों से यह संकेत मिलता है। हालांकि उत्तर कोरिया ने आतंकवादी संगठन को हथियार बेचने के आरोपों से इनकार किया है।

उत्तर कोरियाई हथियारों पर वीडियो का दो विशेषज्ञों ने विश्लेषण किया। 'एसोसिएटेड प्रेस' (एपी) द्वारा हथियारों के वीडियो के विश्लेषण और दक्षिण कोरियाई सेना की सूचना के आधार पर इस बात के संकेत मिलते हैं कि हमास ने एफ-7 रॉकेट चालित ग्रेनेड का इस्तेमाल किया था। इस हथियार का इस्तेमाल बख्तरबंद वाहनों के खिलाफ किया जाता है।

यह साक्ष्य अवैध हथियारों के लेन देन पर प्रकाश डालता है, जिसका उपयोग प्रतिबंधों से जूझ रहा उत्तर कोरिया अपने हथियार कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के तरीके के रूप में करता है।

परामर्श कंपनी 'आर्ममंट रिसर्च सर्विसेस' निदेशक एवं हथियार विशेषज्ञ एन. आर. जेनजेन-जोंस ने कहा कि एफ-7 की सीरिया, इराक, लेबनान और गाजा पट्टी में मौजूदगी देखी गई है।

जेनजेन-जोंस ने एपी को बताया, उत्तर कोरिया लंबे समय से फलस्तीनी आतंकवादी संगठनों का समर्थन करता रहा है और आपूर्ति पर प्रतिबंध के बीच पहले भी उत्तर कोरियाई हथियारों की मौजूदगी देखी गई है।

'स्मॉल आर्म्स सर्वे' के वरिष्ठ शोधकर्ता मैट श्एडर ने कहा कि हमास ने अपने प्रशिक्षण की तस्वीरें जारी की हैं जिसमें उसके लड़ाके रॉकेट चालित ग्रेनेड और अन्य एफ-7 से मिलते जुलते हथियार को चलाते नजर आ रहे हैं।

श्एडर ने कहा, हमास के पास उत्तर कोरियाई हथियारों का होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि उत्तर कोरियाई हथियारों में से एक की, विशेष रूप से एफ-7 की पहचान हुई है और समझा जाता है कि हमास ने हमले में इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल किया। हालांकि इजराइल की सेना ने रॉकेट चालित ग्रेनेड के निर्माता और इसके स्रोत के बारे में सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया।

# मुख्यमंत्री पद मुझे छोड़ नहीं रहा और शायद छोड़ेगा भी नहीं : अशोक गहलोत

## मैं 'भूलो और माफ करो' में विश्वास करता हूं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को कहा कि वह भूलो और माफ करो के सिद्धांत का पालन करते हैं, और इसलिए राज्य का शीर्ष पद छोड़ना चाहते हैं, लेकिन यह उन्हें नहीं छोड़ रहा है। गहलोत की टिप्पणी विधानसभा चुनाव से पहले उनके पूर्व डिप्टी सचिन पायलट के साथ सत्ता संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है। यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, गहलोत ने कहा, मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह मुझे नहीं छोड़ रहा है; और शायद भविष्य में भी मुझे नहीं छोड़ेगा। उनसे पूछा गया था कि क्या वह मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि उनमें कुछ तो बात होगी कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें तीन बार राज्य का नेतृत्व करने के लिए चुना। उन्होंने कहा, जब सोनिया गांधी पहली बार पार्टी प्रमुख बनीं तो उन्होंने मुझे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए चुना। उन्होंने मेरे प्रदर्शन को देखकर मुझे चुना। मैं मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं था, लेकिन उन्होंने मुझे मुख्यमंत्री के रूप में चुना। जब मैं चुनाव हार गया तब भी मुझे मुख्यमंत्री का कार्यभार सौंपा गया। और फिर जब हम 2013 में हारने के बाद 2018 में जीते, तो मुझे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और यह मुझे नहीं छोड़ेगा।

पायलट के साथ उनके मतभेदों के बारे में पूछे जाने पर, गहलोत ने कहा कि वे एकजुट हैं। मैंने कहा है कि हम एकजुट हैं। जब लोग उनके साथ चले गए (2020 में सचिन पायलट के साथ) और फिर भी उन्हें टिकट मिल रहे हैं, इससे बड़ा उदाहरण मैं क्या दे सकता हूं। मैंने एक भी टिकट का विरोध नहीं किया है। आप समझ सकते हैं कि हमारे मन में सभी के लिए कितना प्यार है। गहलोत ने यह भी कहा कि आगे चलकर नेतृत्व जो भी फैसला लेगा, वह सभी को स्वीकार्य होगा। गहलोत ने कहा, टिकटों के लिए केवल एक ही मानदंड है और वह है कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन के लिए जीतने की क्षमता।

गहलोत की सरकार को 2020 में पायलट और उनके वफादार विधायकों के नेतृत्व में विद्रोह का सामना करना पड़ा था, जिससे कांग्रेस सरकार गिरने की कगार पर पहुंच गई थी। पायलट और उनके वफादारों ने जयपुर के बाहरी इलाके में एक होटल और फिर जैसलमेर के एक होटल में एक साथ डेरा डाला था। गहलोत ने कहा कि उन्होंने 'माफ करो और भूल जाओ' की नीति अपनाई है और आगे बढ़े हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी के टिकट देने पर पार्टी के भीतर कोई मतभेद है, उन्होंने कहा कि कोई मतभेद नहीं है और सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। गहलोत ने राजस्थान विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा के विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर (आई-टी) की छापेमारी का भी कड़ा विरोध किया। उन्होंने आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण केंद्रीय एजेंसियों को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप की मांग की। 200 सदस्यीय विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को पुनर्निर्धारित किया गया है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को की जाएगी।

## शिकायते



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त करते हुए।

# कांग्रेस नेत्री अर्चना के 'प्रतिद्वंद्वी' पर निशाना साधने के वीडियो से विवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस नेता अर्चना शर्मा के उस वीडियो से विवाद खड़ा हो गया है जिसमें वह कथित तौर पर कुछ ऐसा कहती सुनाई दे रही हैं कि पार्टी में एक 'प्रतिद्वंद्वी' ने उन्हें रोकने के लिए '40 करोड़ रुपए का सौदा' किया है। समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष अर्चना शर्मा को टिकट का दावेदार माना जा रहा है। हालांकि पीटीआई-भाषा से बातचीत में उन्होंने कहा कि उन्होंने कतिपय वीडियो में किसी का नाम नहीं लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो आने के बाद कांग्रेस नेता राजीव अरोड़ा ने शर्मा पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि उन पर लगाए गए आरोप सिद्ध हो गए तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

अर्चना जयपुर शहर की मालवीय नगर सीट से कांग्रेस की टिकट चाह रही हैं। उन्होंने कहा कि अरोड़ा एक गलतफहमी के कारण उन्हें निशाना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर आए वीडियो में अर्चना लोगों से कथित तौर पर कह रही हैं विधानसभा में उनके 'प्रतिद्वंद्वी' (भाजपा विधायक) को लगा कि सर्वे में वह चुनाव हार रहे हैं तो उन्होंने सोचा कि मेरी पार्टी (कांग्रेस) में मेरे जो प्रतिद्वंद्वी है वह उनके साथ गठजोड़ कर लें। अर्चना ने वीडियो में कथित तौर पर कहा कि दोनों ने एक होटल में बैठक की। मुझे क्या पता कि बैठक में क्या हुआ लेकिन दीवारों के भी कान होते हैं। सामने आया कि 40 करोड़ रुपये की डील हुई है। मालवीय नगर सीट का प्रतिनिधित्व भाजपा विधायक कालीचरण सराफ 2008 से कर रहे हैं।

राजीव अरोड़ा राजस्थान लघु उद्योग निगम और निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष हैं। वह उन कांग्रेस नेताओं में से हैं जो मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से टिकट की दौड़ में हैं, और कहा जाता है कि उम्मीदवारों की सूची की घोषणा से पहले वे दिल्ली में लॉबिंग कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद राजीव अरोड़ा ने बुधवार शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, आप ऐसी उथली बातों से नहीं जीत सकते। कर्म वास्तविक है। जो बोओगे वही काटोगे। दो बार हारने के बाद भी टिकट लेने की दुर्भावना कांग्रेस पार्टी को मालवीय नगर से नुकसान पहुंचा रही है।

संपर्क करने पर अर्चना शर्मा ने कहा कि उन्होंने सभा में किसी का नाम नहीं लिया था। उन्होंने कहा, राजीव अरोड़ा मेरे बड़े भाई जैसे हैं। मैंने किसी का नाम नहीं लिया। जब उन्होंने इस सीट से चुनाव लड़ा तो मैंने उनका समर्थन किया। उन्हें भी मेरा समर्थन करना चाहिए। राजस्थान की 200 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान 25 नवंबर को होगा और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।




# जनता के बीच जाने से डर रही है कांग्रेस : भंडारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रक्षा भंडारी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि आपसी गुटबाजी और अंतर्कलह से जूझ रही कांग्रेस पार्टी के नेता जनता के बीच जाने से डर रहे है।

डा भंडारी ने शुक्रवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके कारण अभी तक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची ही जारी नहीं हो पाई है। राज्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं विधायकों के प्रति लोगों की नाराजगी का आलम यह है कि अब लोग प्रदर्शन करने के लिए दिल्ली तक पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी ने अंतर्विरोध को दबाने के लिए दौसा में होने वाली उसकी नेता प्रियंका गांधी की सभा में टिकटों के दावेदार तथा विरोधियों के किसी भी धरने और प्रदर्शन पर रोक लगा दी है। इसके लिए पीसीसी ने सभी नेताओं को कार्यकर्ताओं को आदेश दिए है कि प्रियंका गांधी की सभा में कोई भी धरना या प्रदर्शन हुआ तो उसके खिलाफ अनुशानसनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. भंडारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि बीते पांच वर्ष में कांग्रेस सरकार ने राजस्थान का विकास ठप कर दिया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूरे कार्यकाल में अपनी कुर्सी से चिपके रहे तथा अपने मंत्रियों और विधायकों की जासूसी ही करवाते रहे। गहलोत तो अपनी ही पार्टी के युवा नेता से इतने असुरक्षित महसूस करते रहे कि उन्होंने कार्यकाल पूरा होने तक उनसे बात तक नहीं की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की कार्यप्रणाली से परेशान होकर मंत्री और विधायक अपनी ही सरकार के खिलाफ सडक पर उतरकर धरना देते रहें। विधानसभा के सदन में महिला सुरक्षा को लेकर अपनी बात रखने पर मुख्यमंत्री ने मंत्री राजेन्द्र गुढा को पद से हटा दिया जबकि गुढा ने मणिपुर हिंसा को लेकर आरोप लगा रही कांग्रेस सरकार को कहा था कि राजस्थान में इस बात में सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में विफल रहे हैं।

# प्रियंका गांधी आज दौसा में जनसभा करेंगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर पार्टी के जन जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को दौसा जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगी। इस अभियान की शुरुआत सोमवार को बारां में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। पार्टी के प्रवक्ता के अनुसार, 20 अक्टूबर को दौसा जिले के कांदोली में जनसभा होगी जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। जनसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पार्टी के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

प्रवक्ता ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं कर राजस्थान की जनता के साथ वादाखिलाफी करने के विरोध में कांग्रेस कमेटी ईआरसीपी से प्रभावित होने वाले 13 जिलों में जन-जागरण अभियान चला रही है। उसी के तहत यह जनसभा होगी। उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जो लगभग दो लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने में मदद करेगी और दौसा सहित पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल समस्याओं का समाधान करेगी।

# राहुल गांधी को 'भारत जोड़ो यात्रा' के बजाय 'कांग्रेस जोड़ो यात्रा' शुरू करनी चाहिए : शहजाद पूनावाला



कोटा/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के बजाय कांग्रेस जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए और इसकी शुरुआत राजस्थान से होनी चाहिए। यहां पत्रकारों से बात करते हुए, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दावा किया कि कांग्रेस राजस्थान, मध्यप्रदेश और तेलंगाना में अपने नेताओं के बीच मतभेदों से जूझ रही है। राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पूनावाला ने कहा कि भारत को एकजुट करने का काम वल्लभभाई पटेल ने किया था। भाजपा नेता ने कहा, राहुल जी को भारत जोड़ो यात्रा के बजाय 'कांग्रेस जोड़ो यात्रा' निकालनी चाहिए और उन्हें इसकी शुरुआत राजस्थान से करनी चाहिए।

# महिला कांस्टेबल पर हमला अपराधियों के बुलन्द हौसलों का नतीजा : अल्का गुर्जर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर । भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के राज में कानून व्यवस्था तार तार हो गई। राज्य की लचर कानून व्यवस्था के कारण अब तो हालात यह है कि राजस्थान पुलिस अकादमी में बदमाश महिला पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला कर फरार हो गया। जयपुर के सबसे सुरक्षित जगहों में शुमार आरपीए जैसी जगह में महिलाएं सुरक्षित नहीं है तो फिर प्रदेश के दूर दराज में रहने वाली महिलाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत प्रदेश में कानून व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि राजधानी सहित प्रदेश भर में बदमाश कहीं सरेआम गोलियां चला रहे है तो कहीं दिन दहाडे हत्या जैसी वारदात को अंजाम दे कर फरार हो जाते हैं। आरपीए में महिला पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला प्रियंका गांधी का महिला सुरक्षा को लेकर दिए गए नारे 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' की पोल खोल रहा है।

राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अल्का गुर्जर ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आने के बाद दुष्कर्म और महिला हिंसा के मामलों में लगातार बढोतरी हो रही है।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के पिछले 3 सालों में महिला हिंसा के मामले में राजस्थान देश में पहले नंबर पर पहुंच गया है। प्रदेश में जनवरी, 2020 से अप्रैल, 2022 तक दुष्कर्म के 13,890 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें से 11,307 दुष्कर्म की घटनाएं नाबालिग लड़कियों के साथ हुई है। दो से 12 साल तक की उम्र की 170 लड़कियों से दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। राजस्थान में साल, 2022 दिसंबर तक बलात्कार के 7090 तथा 2021 में 6,377 के मामले दर्ज हुए।

# सियासी मैनेजमेंट संभालने में व्यस्त सरकार ने बिगाड़ा पावर मैनेजमेंट : चतुर्वेदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि बिजली के क्षेत्र में अग्रणी राजस्थान पिछले पांच वर्षों में पिछडकर देश के कई राज्यों से पीछे चला गया है। अब तो स्थिति यह बन रही है कि प्रदेश की बिजली कम्पनियों के पास कर्मचारियों की तनख्वाह के लाले पड रहे हैं वहीं कमजोर मैनेजमेंट के कारण इसी सीजन मे तीसरी बार बिजली कटौती के हालात पैदा हो रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बिजली को लेकर चले लचर प्रबन्धन के कारण बिजली वितरण कम्पनियों का कर्ज भी 1.10 लाख करोड से अधिक हो गया है और इन कम्पनियों को ऋण पर ब्याज चुकाने के लिए भी ऋण लेना पड रहा है।

डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि मानसून सीजन के दौरान अगस्त में बारिश थम जाने के बाद राज्य सरकार किसानों को बिजली देने में विफल साबित हुई। इसके कारण समय पर सिंचाई नहीं हो पाने से किसानों की हजारों बीघा पर खडी फसलें तबाह हो गई। बारिश बंद होने के बाद किसानों को उम्मीद थी कि समय पर बिजली मिलने से नलकूप और कुंओ से सिंचाई हो जाएगी लेकिन राज्य सरकार ने किसानों को बिजली भी उपलब्ध नहीं करवाई।

इसके बाद एक बार फिर बिजली प्रबन्धन फेल हो जाने के कारण उद्योगों पर कटौती के आदेश जारी किए गए हैं। बिजली उत्पादन को बढावा देने के स्थान पर मुख्यमंत्री और उर्जा मंत्री बिजली की खरीद को ज्यादा तवज्जो देते हैं जिसके कारण बार बार बिजली की कमी पैदा की जा रही है।

# इस बार चुनाव में ईआरसीपी बनता जा रहा है बड़ा मुद्दा




**मोदी ने तो राजस्थान दौरे के दौरान कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो भ्रष्टाचार करने वाले लोगों एवं पेपर लीक माफिया पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) आम आदमी पार्टी सहित अन्य क्षेत्रीय दल कांग्रेस और भाजपा दोनों की जगह तीसरे विकल्प की बात कर रही हैं।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में इस बार बहुचर्चित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है और सत्तारुढ़ कांग्रेस इस बार अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ इसके सहारे सत्ता में बना रहना चाहती है वहीं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भ्रष्टाचार एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहारे अपनी सरकार बनाना चाह रही है।

कांग्रेस ने ईआरसीपी मुद्दे को लेकर केन्द्र सरकार की इस पर वादाखिलाफी को लेकर इसके विरुद्ध गत 16 अक्टूबर से बारां से जनजागरण अभियान की शुरुआत की हैं और इसके तहत कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी शुक्रवार को दौसा जिले के कांदोली में एक जनसभा को संबोधित करेगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस चुनाव में ईआरसीपी एक बड़ा मुद्दा है।

बारां में कांग्रेस के जन जागरण अभियान की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की और एक जनसभा को संबोधित कर ईआरसीपी के मुद्दे को बड़े जोरशोर से उठाया। खड़गे ने ईआरसीपी को लेकर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी एवं राजस्थान से जीतकर गये 25 सांसदों ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया हैं। कांग्रेस नेताओं ने अब मोदी के गत लोकसभा चुनाव से पहले जयपुर और अजमेर की सभाओं में दिए गए उन बयानों को आधार बनाकर घेरना शुरु कर दिया है जिसमें प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया था।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले कई दिनों से निरंतर ईआरसीपी के मामले को उठा रहे हैं और वह लगातार हर मौके एवं मंच पर प्रधानमंत्री से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग करते आ रहे हैं। चुनाव के मद्देनजर पिछले दिनों मोदी के राजस्थान दौरे के दौरान मोदी का मतलब गारंटी को पूरा करने की गारंटी बयान के बाद खड़गे, गहलोत और कांग्रेस के अन्य नेताओं ने इस पर पलटवार कर कहना शुरु कर दिया है कि प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय दर्जा देने का वादा करने के बावजूद इसे पूरा नहीं किया, क्या यह ही उनकी गारंटी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, गहलोत एवं अन्य कांग्रेसी नेता इस चुनाव में राज्य सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना, स्वास्थ्य का अधिकार, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस), सोशल सेक्युरिटी सहित विभिन्न जनहित की योजनाओं का बखान कर रहे हैं और केन्द्र सरकार पर महंगाई पर अंकुश नहीं लगा पाने, बेरोजगारी बढ़ने, देश में हालात खराब होने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि राजस्थान में इस बार कांग्रेस की सरकार रिपीट होगी तो उसका असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार ने ईआरसीपी के लिए 14 हजार करोड़ रुपए स्वीकृत कर काम जारी किया है। राज्य के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा का कहना है कि इस बार एक ही मुद्दा है ईआरसीपी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ईआरसीपी को लटकाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार उच्चतम न्यायालय पहुंच गई हैं और एक याचिका दायर की है।

उधर ईआरसीपी को लेकर भाजपा नेताओं का कहना हैं कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर जनता को गुमराह कर रही है। हाल में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने यह आरोप लगाते हुए ईआरसीपी को लटकाने के लिए गहलोत एवं मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ को दोषी ठहराया। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह का कहना है कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा इसके लिए तकनीकी स्वीकृतियां उपलब्ध नहीं करा पाने के कारण यह योजना अटकी हुई है जबकि इस बार प्रदेश में भाजपा की सरकार आने पर इसे स्वीकृति देकर तेरह जिलों में सिंचाई एवं पीने का पानी उपलब्ध कराया जायेगा।

भाजपा इस चुनाव में कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार में डूबी होने का आरोप लगाते हुए बहुचर्चित लाल डायरी का जिक्र कर रही है। मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित भाजपा के अन्य नेता चुनाव में लाल डायरी को भी मुद्दा बनाया है जबकि खड़गे ने इस पर तंज कसते हुए बारां जनसभा में कहा कि लाल डायरी में लिखा है कि इस बार राजस्थान में फिर कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। भाजपा के नेता पिछले कई दिनों से प्रदेश भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न जगहों पर प्रेसवार्ता, जनसभा एवं विभिन्न मौकों पर लगातार प्रदेश में भ्रष्टाचार एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे उठा रही है, जिसमें महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को प्रमुखता से उठा रही है। मोदी ने तो राजस्थान दौरे के दौरान कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आई तो भ्रष्टाचार करने वाले लोगों एवं पेपर लीक माफिया पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस चुनाव में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) आम आदमी पार्टी सहित अन्य क्षेत्रीय दल कांग्रेस और भाजपा दोनों की जगह तीसरे विकल्प की बात कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी को वर्ष 2017 में भाजपा के शासन में लाया गया। फिलहाल लगभग 40 हजार करोड़ रुपए की यह योजना राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए विचाराधीन है। ईआरसीपी में प्रदेश के तेरह जिले अलवर, करौली, जयपुर, अजमेर, बारां, भरतपुर, दौसा, झालावाड़, कोटा, सवाईमाधोपुर, टोंक, बूंदी और धौलपुर शामिल हैं, जिन्हें सिंचाई एवं पेयजल का लाभ मिलेगा।

# उच्च न्यायालय ने उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के खिलाफ सीबीआई जांच को दी मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने गुरुवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की कार्यवाही को रद्द करने की मांग करने वाली उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार शिवकुमार की याचिका याचिका खारिज कर दी। इसने राज्य की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। विपक्षी भाजपा ने फैसले का स्वागत किया है। जद (एस) ने कहा कि शिवकुमार के जेल वापस जाने के उसके पहले के बयान और वर्तमान अदालत के आदेश के बीच कोई संबंध नहीं है। पूर्व उपमुख्यमंत्री भाजपा के के.एस. ईश्वरप्पा ने गुरुवार को शिवमोग्गा में कहा कि शिवकुमार एक बार फिर जेल जाएंगे। ईश्वरप्पा ने कहा, शिवकुमार इस मामले में कारावास के बाद जमानत पर बाहर आ गए हैं। सीबीआई उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच कर रही है। वह फिर जेल जाएंगे। मैं इसे लिखित रूप में दे सकता हूं। उन्होंने कहा, शिवकुमार जिद की राजनीति कर रहे हैं। छापों में 100 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि मिली है। क्या भाजपा के लिए जांच की मांग करना गलत है? हमने अभी तक यह घोषित नहीं किया है कि आप (शिवकुमार) चोर हैं।



बीजेपी विधायक महेश तेंगिनाकायी ने कहा कि वह हाई कोर्ट के आदेश का स्वागत करते हैं। सीबीआई को जांच शुरू करने दीजिए और शिवकुमार के खिलाफ आरोप साबित करने दीजिए। सत्य की हमेशा जीत होगी। उन्होंने कहा, अगर शिवकुमार ने गलत किया है, तो उन्हें परिणाम भुगतना होगा। शिवकुमार के पास से बड़ी रकम बरामद हुई थी और आरोप भी बड़ा था। उन्होंने कहा, ''सीबीआई को मामले को तार्किक अंत तक ले जाने दीजिए।''

पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि शिवकुमार के तिहाड़ जेल जाने के उनके बयान और अदालत के फैसले के बीच कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा, शिवकुमार ने कहा था कि वह हमें रामनगर से अपने मूल हासन जिले में जाने के लिए मजबूर करेंगे। मैंने कहा था कि हम हासन वापस जाएंगे और वह तिहाड़ जेल जाएंगे। देखते हैं, क्या होता है।''

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि ने कन्नड़ में एक कहावत उद्धृत की कि 'जो गलती करता है, उसे अंततः परिणाम भुगतना ही पड़ता है।' उन्होंने कहा,जो दोषी है उसे सजा मिलनी चाहिए। ईमानदार को परेशान नहीं होना चाहिए। घोटाला तो एक न एक दिन सामने आना ही है। कहावतें सदियों से यूं ही नहीं बनतीं। कानून से ऊपर कोई नहीं है। मैं खुद हूं। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री किसी को भी कानून के सामने पसंदीदा व्यवहार नहीं मिलता है। डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने कहा था कि कानून के सामने सभी बराबर हैं। हमारे देश में, कुछ भी करने और बच निकलने का रवैया काम नहीं करेगा।''

इस घटनाक्रम को उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के लिए एक गंभीर झटका माना जा रहा है, जो राज्य में विपक्षी दलों भाजपा और जद (एस) पर आक्रामक रूप से हमला कर रहे हैं। सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) और 13 (1)ई के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिवकुमार ने 2018 और 2023 के बीच अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। शिवकुमार ने मामले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी।



बैठक के दौरान जनता दल एस के वरिष्ठ नेतागण।

# बागी इब्राहिम को जद (एस) कर्नाटक प्रमुख पद से हटाया गया, कुमारस्वामी ने संभाला कार्यभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। पूर्व प्रधानमंत्री और जद(एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा ने गुरुवार को पार्टी की राज्य कार्यकारी समिति को भंग कर अपने बेटे तथा पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को पार्टी का तदर्थ अध्यक्ष नियुक्त किया। इस कदम से उन्होंने बगावत का झंडा बुलंद करने वाले सी.एम. इब्राहिम को एक ही झटके में प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया।

देवेगौड़ा ने घोषणा की, प्रदेश अध्यक्ष इब्राहिम को बर्खास्त कर दिया गया है। इब्राहिम की अध्यक्षता वाली समिति भंग कर दी गई है। यह निष्कासन नहीं है। सम्मान के साथ उन्हें पद से हटा दिया गया है।

इससे पहले, इब्राहिम ने पार्टी के राज्य में भाजपा के साथ हाथ मिलाने के फैसले को चुनौती देते हुए बगावत की थी। इब्राहिम ने देवेगौड़ा को भाजपा से हाथ न मिलाने की चेतावनी दी और कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा-एनडीए की हार सुनिश्चित की जानी चाहिए, और उन्हें निष्कासित नहीं किया जा सकता क्योंकि वह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इब्राहिम का खुला विद्रोह जद(एस) के लिए बड़ा झटका साबित हुआ था। हालांकि, देवेगौड़ा और कुमारस्वामी ने इस घटनाक्रम को ज्यादा तवज्जो नहीं दिया और कहा कि जल्द ही सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सूत्रों ने कहा कि स्थिति जटिल लग रही है क्योंकि कांग्रेस समर्थित इब्राहिम अपने निष्कासन के मामले में अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे। इस घटनाक्रम से जद(एस) में विभाजन का संकेत मिलता है। हालाँकि, देवेगौड़ा ने एक मास्टर स्ट्रोक के रूप में कोर कमेटी की एक बैठक बुलाई और पार्टी की कार्यकारी समिति को भंग कर दिया, जिसमें कानूनी कार्यवाही के लिए कोई जगह नहीं देते हुए राज्य अध्यक्ष का पद भी शामिल था।

देवेगौड़ा ने मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, हमने एक बैठक बुलाई थी और पार्टी के विभिन्न विंगों के नियमों और परामर्श के अनुसार अंतिम निर्णय लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी को जद (एस) विधायक दल के नेता के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष भी बनाने का निर्णय लिया गया है।

अगले चुनाव तक कुमारस्वामी प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। वरिष्ठ नेता तिप्पे स्वामी को प्रदेश सचिव घोषित किया गया है। देवेगौड़ा ने कहा कि अन्य पदाधिकारियों को चुनना होगा और यह परामर्श के साथ किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, मैं पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिए गए बयानों पर चर्चा नहीं करूंगा। चुनाव हुए छह महीने हो गए हैं। मैं उनकी टिप्पणियों से अवगत हूं। कई विधायकों, पूर्व विधायकों ने इस मामले पर चर्चा की है। इब्राहिम ने अपनी राय रखी थी। केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु राज्यों में इसी तरह के उदाहरण हैं। हमें भाजपा के साथ गठबंधन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। केरल इकाई ने भी गठबंधन के लिए अपनी सहमति दे दी थी।

# न्यायपालिका, मेरी संपत्तियों की सूची भाजपा की साजिश का पर्दाफाश करेगी : शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई की कार्यवाही खारिज करने की मांग वाली याचिका कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने के कुछ घंटों बाद उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि न्यायपालिका और उनकी संपत्तियों की सूची उनके खिलाफ भाजपा की साजिश का पर्दाफाश कर देगी।

बेंगलूरु हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवकुमार ने कहा कि जांच एजेंसी ने दावा किया है कि उसने 90 फीसदी जांच पूरी कर ली है। उन्होंने कहा, मेरी पत्नी, परिवार के सदस्यों और मुझे हमारे स्वामित्व वाली संपत्तियों के बारे में बताना होगा। अजीब बात है कि, हमें बुलाए बिना और पूछताछ किए बिना, वे 90 प्रतिशत जांच कैसे पूरी कर सकते हैं, मैं समझ नहीं पा रहा हूं।

उन्होंने कहा, हमने अदालत में अपील दायर की थी कि इस संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर गलत है। यह मामला पूर्व सीएम बीएस येडीयुरप्पा सरकार के कार्यकाल के दौरान गलत इरादे से सीबीआई को सौंपा गया था।

शिवकुमार ने आगे अदालत पर अपना पूरा भरोसा जताया. उन्होंने कहा, मैं उचित समय पर उचित जवाब दूंगा। कारण जो भी हो, मैं कानूनी दायरे में जांच का सामना करूंगा। इससे पहले दिन में, उच्च न्यायालय ने राज्य कांग्रेस प्रमुख की उनके खिलाफ सीबीआई कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इसने उनके खिलाफ सीबीआई जांच पर जारी स्थगन आदेश भी हटा दिया।

न्यायमूर्ति के नटराजन की अध्यक्षता वाली पीठ ने सीबीआई को तीन महीने में जांच पूरी करने का निर्देश दिया। इस घटनाक्रम को शिवकुमार के लिए एक गंभीर झटका माना जा रहा है जो राज्य में विपक्षी दलों भाजपा और जद (एस) पर आक्रामक रूप से हमला कर रहे हैं।

सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) और 13 (1)ई के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिवकुमार ने 2018 और 2023 के बीच अपनी आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। शिवकुमार ने मामले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी

उच्च न्यायालय ने पहले मामले पर स्थगन जारी किया था और स्थगन आदेश को कई बार बढ़ाया था। सूत्रों के मुताबिक, अब सीबीआई शिवकुमार की जमानत रद्द करने की मांग को लेकर कोर्ट का रुख करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कहा था कि शिवकुमार एक बार फिर तिहाड़ जेल जाएंगे। शिवकुमार ने जवाब दिया था कि कुमारस्वामी और कटील उन्हें जेल भेजने वाले जज नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी ने कहा था कि शिवकुमार के परिवार को हर दिन प्रताड़ित किया जा रहा था।

## जेडीएस के अपदस्थ अध्यक्ष ने पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा से परिणामों के लिए तैयार रहने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। जद (एस) के अपदस्थ प्रदेश अध्यक्ष सी.एम. इब्राहिम ने अपने पद से हटाए जाने को चुनौती दी और पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा को परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।

इब्राहिम ने कहा, ''मैं जल्दी ही कर्नाटक हाईकोर्ट और चुनाव आयोग से संपर्क करूंगा।'' अपदस्थ फैसले की घोषणा के बाद गुरुवार को बेंगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए इब्राहिम ने देवगौड़ा को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं अध्यक्ष हूं और आप मुझे हटा नहीं सकते। हम स्थगन आदेश प्राप्त करने के लिए चुनाव आयोग और हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। जब तक मामला कोर्ट में सुलझ नहीं जाता, वे ऐसा नहीं कर सकते।''

उन्होंने कहा, ''उन्हें जद (एस) पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाना संभव नहीं है। उनमें मुझे बाहर करने की ताकत नहीं है। जद (एस) के संविधान के मुताबिक, पार्टी के तीन चौथाई सदस्यों को मुझे नोटिस जारी कर बैठक बुलाने के लिए कहना चाहिए।

एक बार जब मैं बैठक बुलाता हूं, तो वहां अविश्वास प्रस्ताव लाना होता है। यही प्रक्रिया है।'' इब्राहिम ने आगे कहा कि देवगौड़ा ने गुरुवार को फैसला लिया था और मैं आज उपवास कर रहा हूं। उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उसी गुरुवार को हुबली में मेरे बेटे की मौत हो गई थी। उसके बाद भी मैंने ईदगाह मैदान विवाद को सुलझाने की पहल की और आपकी सरकार को मजबूत किया।

# गगनयान के पहले मानव रहित उड़ान परीक्षण कल

बेंगलूरु/चेन्नई। गगनयान कार्यक्रम के क्रू एस्केप प्रणाली को प्रदर्शित करने वाले पहले मानवरहित उड़ान परीक्षण वाहन एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती शुक्रवार सुबह आठ बजे श्रीहरिकोटा के शार रेंज में शुरू होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि उल्टी गिनती कल सुबह आठ बजे शुरू होगी। छोटी अवधि के मिशन का प्रक्षेपण शनिवार की सुबह 0800 बजे प्रथम लॉन्च पैड से होगा और पूरा मिशन 531 सेकंड (लगभग नौ मिनट) तक चलेगा।


इसरो ने कहा कि यह उड़ान परीक्षण समग्र गगनयान कार्यक्रम में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। मिशन का उद्देश्य परीक्षण वाहन उप प्रणालियों का उड़ान प्रदर्शन और मूल्यांकन, विभिन्न पृथक्करण प्रणालियों सहित क्रू एस्केप प्रणाली और उच्च ऊंचाई पर क्रू मॉड्यूल विशेषताओं और मंदी प्रणालियों का प्रदर्शन और इसकी पुनर्प्राप्ति है। इसरो ने कहा, ''प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरने से लेकर श्रीहरिकोटा से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में पैराशूट की तैनाती के साथ क्रू मॉड्यूल के उतरने तक का पूरा उड़ान क्रम 531 सेकंड तक चलेगा।'' एजेंसी ने कहा है कि उड़ान के लगभग 60 सेकंड बाद, परीक्षण वाहन - क्रू एस्केप सिस्टम 11.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा और 30 सेकंड बाद, सीएम-सीईएस 148.7 मीटर के वेग से 16.7 किमी की ऊंचाई पर अलग हो जाएगा।

इसके बाद, सीईएस को अलग करने और पैराशूटों की श्रृंखला की तैनाती के साथ शुरू होने वाले यह स्वायत्त रूप से निष्पादित किया जाएगा, जो अंततः श्रीहरिकोटा के तट से लगभग 10 किमी दूर समुद्र में सुरक्षित लैंडिंग में समाप्त होगा। एस.सोमनाथ ने कहा, ''पहले मानव रहित परीक्षण मिशन टीवी-डी1 के बाद तीन और परीक्षण उड़ानें टीवी-डी2, टीवी-डी3 और टीवी-डी4 होंगी ताकि पहले मानव उड़ान मिशन से पहले सिस्टम का परीक्षण किया जा सके।'

## मैसूरू दशहरा







गुरुवार को मैसूर पैलेस में जंबू सावरी जुलूस के लिए दशहरा हाथियों, घुड़सवार पुलिस और पुलिस टीम ने रिहर्सल में भाग लिया।

# पिता ने बच्चे को झील में फेंका

मैसूरु/दक्षिण भारत। एक चौंकाने वाले मामले में, एक व्यक्ति ने अपने बेटे को मैसूरु के एक झील में फेंककर मार डाला। पुलिस ने गुरुवार को ये जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि घटना पेरियापटना पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान पेरियापटना शहर के पास मकोडू गांव के निवासी गणेश के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी और उसकी पत्नी लक्ष्मी से तीन बच्चे हैं। पहले दो बेटियां हैं और तीसरे बच्चे की डिलीवरी के दौरान लक्ष्मी की मौत हो गई।

गणेश ने अपनी दो बेटियों को अपनी मां अंजनम्मा के पास गांव में छोड़ दिया था और अपने बेटे को बेंगलूरु ले गया था। बाद में, वह गांव लौट आया और अपनी मां के साथ रहने लगा। चार दिन पहले वह अपनी मां से झगड़ा कर डेढ़ साल के बेटे को घर से ले गया। बाद में उसने बच्चे को झील में फेंक दिया और गायब हो गया।

# पति की हत्या में बीबी और साली गिरफ्तार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। गत सप्ताह सम्पिंगेहल्ली पुलिस थाना क्षेत्र में एक पिट में मिले शव की शिनाख्त के बाद उसकी हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी पत्नी और साली को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि गत 10 अक्टूबर को बिहार मूल के शकील अख्तर सैफी के भाई ने अपने भाई की गुमशुदा की शिकायत पुलिस ने दर्ज की थी। 14 अक्टूबर को कोगले लेआउट में एक सुनसान जगह पर शव की बदबू आने पर एक व्यक्ति ने वहां एक शव को देखा,जिसकी शिकायत उसने पुलिस को दी। पुलिस ने बाथरूम पिट में मिले शव का पोस्टमार्टम आदि कराया और शव को शिनाख्त के लिए रखा।

जांच के दौरान जब गुमशुदा की शिकायत से शव को मिलाया गया तो शव की पहचान शकील अख्तर सैफी के रूप में हुई। शकील की पत्नी कश्मीर मूल की नजीर खातून से उस संबंध में पुलिस ने पूछताछ की। जांच में उसकी बहन से भी पुलिस ने बात की। जब सख्ती से पूछताछ की गई तो नजीर ने अपना अपराध कबूलते हुए शकील की हत्या को स्वीकारा। उसने बताया कि शकील उसे बुरी तरह से प्रताड़ित करता था और मानसिक तनाव देता था। इससे उभरने के लिए उसने अपनी बहन के साथ मिलकर उसकी (अपने पति) की हत्या की योजना बनाई और गत दिनों रात के समय शकील की सोते समय गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को बेडसीट में लपेटकर दोनों बहनों ने मिलकर सुनसान जगह पिट में डाल दिया।

# मेट्रो ट्रेन के अंदर पाइप पर कसरत करने पर विद्यार्थी पर लगाया 500 रुपए का दंड

बेंगलूरु। मेट्रो रेल में यात्रा के दौरान ट्रेन में लगे स्टेन्ड पाइपों पर कसरत करते हुए वीडियो बनाने वाले वाले युवक पर मेट्रो सुरक्षाकर्मियों ने जुर्माना के तौर पर 500 रुपए का दंड लगाया और आगे से न करने की हिदायत देकर छोड़ा। मंगलवार को रात्रि 11 बजे तीन विद्यार्थी दासरहल्ली से मेट्रो ट्रेन द्वारा येलचनहल्ली जा रहे थे। यात्रा कर रहे तीन लड़कों में से एक लड़के ने ट्रेन कोच में लगे स्टेन्ड पाइप पर कसरत करने लगा, तब ही ट्रेन में बैठे एक मेट्रोकर्मी ने इसका वीडियो बनाकर येलचनहल्ली मेट्रो सुरक्षाकर्मी के पास भेज दिया।

श्री सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद् (रजि.)
'BIHAR BHAVAN', (Opp. R.T. NAGAR POST OFFICE) BANGALORE-32
e-mail : ssparishad.rtnagar@gmail.com
के तत्वावधान में
दि. 24.10.2023 तक सार्वजनिक दशहरा महोत्सव 2023
पूजा स्थल Venue } VINAYAKA CULTURAL CENTER, Opp. BIHAR BHAVAN (Behind R. T. Nagar Post Office) R.T. Nagar, BANGALORE - 560 032
मुख्य कार्यक्रम
**दि.20.10.2023,** शुक्रवार,प्रात: 11.30 बजे : पुष्पांजलि, आरती, प्रसाद
सायं 6.30 बजे : **बिल्वा आमंत्रण,** रात्रि 9.30 बजे : संध्या आरती, पुष्पाजंलि, प्रसाद, महाप्रसाद
**दि. 21.10.2023,** शनिवार, प्रात: 9 बजे से दोप.2.30 बजे: लोचन-विलोचन, **प्रतिष्ठापन,** आरती, प्रसाद, महाप्रसाद, रात्रि 9 बजे : संध्या आरती, पुष्पांजलि, प्रसाद तथा महाप्रसाद
मध्यरात्रि 12 से 3.00 बजे : महानिशा पूजा एवं हवन
**दि. 22.10.2023,** रविवार, प्रात: 9.30 बजे : **महाष्टमी पूजन,** आरती
प्रात: 6.00 बजे से सायं 5.00 बजे : **व्रतकारी डाला समर्पण**, प्रसाद
रात्रि 7.30 बजे : संध्या आरती, पुष्पांजलि, प्रसाद व महाप्रसाद
**दि 23.10.2023,**सोमवार, प्रात: 11 बजे से दोप. 1.30 बजे : **महानवमी पूजन** एवं हवन,पुष्पाजंलि आरती
दोप.1.30 बजे : **कुमारी पूजा,** रात्रि 7.30 बजे : संध्या आरती, पुष्पांजलि, प्रसाद व महाप्रसाद
**दि.24.10.2023,** मंगलवार, प्रात: 9.30 बजे : **माताजी का भोग, जयंती ग्रहण, नवरात्र व्रत का पारण,** पुष्पाजंलि व **विसर्जन** मध्याह्न 12.30 बजे : सहभोज, अपराह्न 3.00 बजे : **शोभायात्रा**
प्रतिदिन पूजा, आरती एवं प्रसाद प्रातः 11 बजे एवं सायं 9 बजे
प्रतिदिन भक्ति संध्या प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सायं 7 बजे से
उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आप सपरिवार मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं ।
Dr Vinay Kumar Yadav President : 9880901529
Prajesh Jha Pooja Presi : 7987434085
Pandit Rajguru Secretary : 9845766372
Deepesh Kumar Treasurer - 8197984750

## सुविचार

**मिलता तो बहुत कुछ है इस जिंदगी में, बस हम गिनती उसी की करते हैं, जो हासिल ना हो सका।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# कानून का 'चक्र'

साइबर अपराध के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में 'ऑपरेशन चक्र-2' के तहत सीबीआई की कार्रवाई ऐसे अपराधियों को कड़ा संदेश है, जो तकनीक का दुरुपयोग कर लोगों की मेहनत की कमाई उड़ा रहे हैं। हाल के वर्षों में तो साइबर अपराधियों ने बहुत लूट मचाई है। उन्होंने लोगों को बातों ही बातों में झांसा देकर ठगने के इतने तरीके ढूंढ़ लिए हैं कि तकनीकी विशेषज्ञ भी हैरान हैं! जिस व्यक्ति के साथ एक बार ठगी हो जाती है, वह ऑनलाइन लेनदेन को लेकर विभिन्न आशंकाएं पालने लगता है। अगर उसे बैंक से फोन आ जाए तो वह उस पर भी आसानी से विश्वास नहीं करता। सीबीआई ने देशभर में छह दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। वह भी एक राज्य में नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में; जिससे पता चलता है कि साइबर ठगों का जाल कितना फैल चुका है! इन्होंने अब तक कितने ही लोगों को चूना लगाया होगा। अब तक तो साइबर ठग देश में ही अलग-अलग स्थानों के लोगों को ठगते थे। जैसे-जैसे इन्होंने तकनीक में महारत हासिल की, विदेशी नागरिकों के खातों में भी खूब सेंध लगाने लगे। इसके लिए संबंधित देश में बोली जाने वाली भाषा सीखी, वहां के कामकाज, कानूनी एजेंसियों के ढांचे के बारे में जानकारी जुटाई। फिर एक जगह 'दफ़्तर' खोला और लोगों को लूटने लगे। यूट्यूब पर ऐसे कई वीडियो मौजूद हैं, जिनमें ऑनलाइन ठग नजर आते हैं, जो संबंधित देश की एजेंसियों ने उनकी हरकतों को लाइव कैद करते हुए बनाए थे और बाद में इस संदेश के साथ पोस्ट किए कि 'भारत के साइबर ठगों से सावधान रहें।' अब तक ऐसे मामलों के लिए नाइजीरिया के ठग कुख्यात थे। दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने कृत्यों से हमारे देश की छवि भी बिगाड़ रहे हैं।

सीबीआई को उक्त छापों से पहले एफआईयू, एफबीआई, इंटरपोल और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की ओर से सूचना मिली थी। दरअसल सीबीआई ने अमेज़ॉन और माइक्रोसॉफ्ट की इस शिकायत पर दो मामले दर्ज किए थे कि आरोपी कॉल सेंटर चलाते थे और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाने के लिए कंपनियों के तकनीकी सहयोगी के रूप में पेश होते थे। इसके बाद सीबीआई ने नौ कॉल सेंटरों की तलाशी ली। एक मामला तो क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी के जरिए भारतीय नागरिकों के 100 करोड़ रुपए गबन करने के रैकेट से जुड़ा है। इस मामले का तो खुलासा हो गया। ऐसे कई और मामले हो सकते हैं, जिनमें इन ठगों ने बहुत लोगों को कंगाल किया होगा। हाल में साइबर ठगी के जो तरीके सामने आए हैं, वे बहुत चौंकाने वाले हैं। पहले लॉटरी, इनाम जीतने आदि का झांसा देकर लोगों को लूटा जाता था। उसके बाद फोन पर परिचित बनकर या सामान बेचने के नाम पर लोगों से ठगी का दौर आया। अब पार्ट टाइम ऑनलाइन काम का झांसा देकर लोगों से लाखों की ठगी की जा रही है। यह देखकर अचंभा होता है कि इनके जाल में सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी तक फंस रहे हैं। कुछ पीड़ित तो ऐसे हैं, जो उन दफ्तरों में काम कर चुके हैं, जिन पर लोगों को जागरूक करने की जिम्मेदारी होती है। उनके पास वॉट्सऐप या टेलीग्राम पर एक मैसेज आया कि पार्ट टाइम नौकरी कर मोटा मुनाफा कमाएं ... बस कुछ होटलों को अच्छी रेटिंग दें ... यूट्यूब पर वीडियो लाइक करें ... उसके बाद जब मर्जी हो, राशि अपने अकाउंट में ट्रांसफर करें! जब लोग यह देखते हैं कि कुछ रेटिंग देने या वीडियो लाइक करने के बदले रोज़ाना दो हजार से पांच हजार रुपए मिल रहे हैं तो सोचते हैं कि ऐसा मौका क्यों गंवाया जाए! लिहाजा वे 'प्रस्ताव' ठुकरा नहीं पाते। उसके बाद जीवनभर की बचत भी गंवा देते हैं। साइबर ठग उनकी कमाई लूटकर ऐश करते हैं। देर-सबेर एजेंसियां ऐसे अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाती हैं, लेकिन इस बीच कितने ही लोग और ठग लिए जाते हैं। ऐसी वारदातों से खुद को बचाने के लिए जागरूकता हासिल करने के साथ ही लालच से दूर रहना होगा। सोचिए, अगर कुछ रेटिंग देने या वीडियो लाइक करने के बदले कोई कंपनी लाखों रुपए बांटने लगेगी तो कितने दिन चलेगी? आज तक ऐसा कोई वित्तीय मॉडल नहीं बना, जहां मिनटों के काम के बदले इतनी कमाई की गुंजाइश हो। यह साफ-साफ धोखाधड़ी है। ऐसे अपराधियों पर कानून का 'चक्र' जितनी तेजी से चले, उतना अच्छा है।

## ट्वीटर टॉक



मुख्यमंत्री गहलोत जी, जनता से वास्ता नहीं रखते हैं 'यह कुर्सी मुझे नहीं छोड़ती' हर बार कहकर ना जाने कैसा भ्रम रखते हैं मुख्यमंत्री जी ने कुर्सी के इसी मोह के कारण अपने कार्यकाल में राजस्थान को अपराध का गढ़ बना दिया है।

**-राजेन्द्र राठौड़**



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का केंद्रीय कर्मचारियों का महँगाई भत्ता बढ़ाने का फैसला स्वागत योग्य है। देश के लाखों कर्मचारियों को यह शानदार तोहफा देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत आभार।

**-दिया कुमारी**



आपने राजस्थान को अपराध-दुष्कर्म, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, पेपरलीक- बेरोज़गारी और विकास की अधोगति में धकेल दिया तब भी साफ़ झूठ कह रहे कि पद आपको नहीं छोड़ता! जनाब आप जनमत से नहीं, गांधी परिवार की कृपा से कुर्सी पर बैठे हैं।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# आत्मा का अनुबंध

बंबई के हीरा व्यापारी रायचंद का वहीं के एक अन्य जवाहरात कारोबारी जगराम से हीरे खरीदने का अनुबंध हुआ था। जगराम को तय तारीख तक माल देना था। यकायक हीरों के दाम आसमान छूने लगे। कागज पर लिखा-पढ़ी हो गई थी। जगराम की दशा चढ़ गई। घर व दुकान बेचकर भी वह रायचंद का माल नहीं पुगा सकता था। रायचंद से भी उसकी हालत छिपी नहीं रही। कोई ओछा व्यापारी होता तो सोचता कि करोड़पति बनने का मौका हाथ लगा है। लेकिन रायचंद धीर पुरुष था। वह जगराम की चिंता मिटाने के लिए खुद उसके ठिकाने पर पहुंचा। रायचंद को देखते ही जगराम फट गद्दी छोड़कर नीचे आया और हाथ जोड़कर घिघियाता हुआ बोला, 'लालाजी! खुद को बेच कर भी मैं अपना प्रण पूरा करूंगा। विश्वास रखें।' रायचंद ने उसका हाथ थाम उसे गद्दी पर बिठाकर कहा, 'भाई जी, रायचंद दूध पीने का आदी है, किसी का खून नहीं। कागज पर हमारा जो सौदा हुआ है, वह आत्मा के संबंध से बड़ा नहीं है।' यह कहते हुए रायचंद ने अनुबंध वाले कागज के टुकड़े-टुकड़े करके जगराम के हाथ में थमा दिये। जगराम की आंखों से झर-झर पानी बहने लगा।

## सामयिक

### आईएएस अधिकारी को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर

# मोदी सरकार ने नौकरशाही को दिया है सख्त संदेश

**योगेन्द्र योगी**

> केंद्र सरकार की इस कार्रवाई के साथ ही उत्तराखंड और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों ने भी अपने शासन के नकारा अफसरों पर कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार ने कड़े कदम उठाते 600 अधिकारियों पर कार्रवाई की। इनमें 200 अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें जबरन रिटायरमेंट दे दिया गया। सर्वाधिक आश्चर्य तो यह है सरकार स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता के खिलाफ राज्यों में गैर भाजपा सरकारों ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं कि जिससे अधिकारियों-कर्मचारियों में भय व्याप्त हो सके।

केंद्र की मोदी सरकार ने 1994 बैच की अरुणाचल प्रदेश सरकार में सेवारत आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया। पिछले साल मई में रिंकू दुग्गा और उनके पति, संजीव खिरवार का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो कुत्ता घुमाते हुए नजर आ रहे थे। स्टेडियम में एथलीटों और कोचों को उस दिन अपना अभ्यास सत्र जल्दी खत्म करने और जगह खाली करने के लिए कहा गया था ताकि आईएएस दंपति अपने कुत्ते को घुमा सकें। केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देकर नौकरशाहों को संदेश दे दिया है कि जनता जनार्दन देश में सर्वोच्च है। इस मामले में किसी भी तरह की कोताही, लापरवाही और भ्रष्टाचार केंद्र सरकार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

कुत्ता टहलाने और एथलीटों को बाहर किए जाने के मामले की केंद्र सरकार ने रिंकू दुग्गा और उनके पति संजीव खिरवार के खिलाफ जांच कराई थी। इस रिपोर्ट से एथलीटों और जनता में भारी आक्रोश फैल गया था। इसके बाद दिल्ली सरकार में प्रमुख सचिव (राजस्व) के रूप में काम करने वाले संजीव खिरवार को लद्दाख में स्थानांतरित कर दिया गया था। वहीं दुग्गा को अरुणाचल प्रदेश में स्वदेशी मामलों के प्रमुख सचिव के रूप में तैनात किया गया था। इससे पहले भी केंद्र की भाजपा सरकार ने देशभर के सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को एक सख्त चेतावनी जारी की थी। कर्मचारियों को काम को लेकर सतर्क रहने और लापरवाही नहीं बरतने के आदेश दिए गए है। अगर ऐसा होता है तो रिटायरमेंट के बाद पेंशन व ग्रेच्युटी रोकने का निर्देश दिए गए। इस आदेश पर राज्य सरकारों से अपने स्तर पर फैसला लेने को कहा गया था।

केंद्र में करीब दस साल पहले सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने सरकारी दफ्तरों में पसरी, लापरवाही, लालफीताशाही, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी। केंद्र में सत्ता संभालने के साथ ही सरकार को पता चला था कि दिल्ली में आईएएस और कुछ अन्य अधिकारी कार्यालय के समय में गोल्फ खेलने चले जाते हैं। इस पर सरकार एक्शन में आ गई। सभी अधिकारियों को आगाह किया गया कि कार्यालय समय के दौरान कोई भी अधिकारी-कर्मचारी निजी कार्य से नहीं जा सकता। आईएएस अधिकारियों को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि उनकी लगाम थामने वाला भी कोई हो सकता है।

दरअसल पूर्ववर्ती केंद्र सरकारों ने नौकरशाही को मनमर्जी करने की छूट दे रखी थी। यही वजह रही कि अधिकारियों में हर तरह का दुस्साहस पैदा हो गया। अधिकारी नौकरी को निजी मिल्कियत समझ कर आम लोगों से अंग्रेजी शासन की तरह व्यवहार करने लगे थे। दूसरे शब्दों में कहें तो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मंत्री-नेताओं की शह पाकर नौकरशाही आम अवाम कि सिरमौर बन बैठी। केंद्र में सरकार के पलटते ही नौकरशाहों की हरकतों पर गहरी नजर रखी गई। मौजूदा केंद्र सरकार ने साफ संदेश दे दिया कि आम लोगों की कीमत पर कुछ भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्ता संभालने के बाद मोदी सरकार ने कठोर कार्रवाई करते हुए ग्रुप ए और ग्रुप बी स्तर के कुल 312 अफसरों को जबरन रिटायर कर दिया। सरकार ने ग्रुप ए के 36000 कर्मचारियों और ग्रुप बी के 82000 कर्मचारियों के काम का रिव्यू किया। इनमें से 312 अफसर नकारा मिले। इनमें ग्रुप ए के 125 अफसर और ग्रुप बी के 187 अफसर शामिल हैं।

विभागीय स्तर पर कर्मचारी-अधिकारियों के कामकाज की समीक्षा के साथ केंद्र सरकार ने भ्रष्ट और नाकारा अफसरों को भी सबक सिखाने की ठान ली। सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पूरी तरह से ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की छूट दी। केंद्र सरकार के कदम से कदम मिला कर सीबीआई ने अफसरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। सीबीआई ने 44 आईएएस और 12 आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किए। पिछले छह साल में 3464 शिकायतें आईएएस अधिकारियों के खिलाफ वित्तीय और आपराधिक मामलों के तहत प्राप्त हुई हैं। प्रतिष्ठित भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) से 27 वरिष्ठ अधिकारियों को जबरन सेवानिवृत्त करने के कुछ दिनों बाद सरकार ने सभी मंत्रालयों और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) से समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए हर महीने अधिकारियों के नामों की सिफारिश करने को कहा। केंद्र सरकार के 104 कर्मचारियों पर साल 2021-22 में की गई कार्रवाई की। इनमें ग्रुप ए के सबसे अधिक 45 कर्मचारी हैं। केंद्र सरकार के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी रहा। ये कार्रवाई प्रदर्शन, हाजिरी और अनुशासनात्मक मामलों को लेकर की गई।

सरकार ने मौजूदा साक्ष्यों के आधार पर भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें रिटायर कर दिया। यह कार्रवाई फंडामेंटल रूल्स (एफ आर) 56 (जे)(आई), सेंट्रल सिविल सर्विसेज (सीसीएस) पेंशन रूल्स 1972 और आल इंडिया सर्विसेज के संशोधित रूल 16(3) को ध्यान में रखकर की गई है। इसके तहत सरकार को अधिकार है कि वह किसी भी अफसर के काम का कुछ अंतराल पर रिव्यू कर सकती है और उन्हें प्रीमैच्योर रिटारमेंट दे सकती है। 7 अक्टूबर 2022 को इन नियमों में बदलाव किया गया है। सक्षम अधिकारियों को दोषी पाए जाने पर कर्मचारियों की पेंशन अथवा ग्रेच्युटी या फिर दोनों आंशिक या फिर पूर्ण रूप से रोकने का अधिकार शामिल किया गया। नौकरी के दौरान अगर इन कर्मचारियों के खिलाफ कोई विभागीय या न्यायिक कार्रवाई हुई तो इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को देना अनिवार्य किया गया। अगर कोई कर्मचारी रिटायर होने के बाद फिर से नियुक्त हुआ है तो उस पर यही नियम लागू होगा।

केंद्र सरकार की इस कार्रवाई के साथ ही उत्तराखंड और मध्य प्रदेश की राज्य सरकारों ने भी अपने शासन के नकारा अफसरों पर कार्रवाई की। उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार ने कड़े कदम उठाते 600 अधिकारियों पर कार्रवाई की। इनमें 200 अधिकारी ऐसे हैं, जिन्हें जबरन रिटायरमेंट दे दिया गया। सर्वाधिक आश्चर्य तो यह है सरकार स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता के खिलाफ राज्यों में गैर भाजपा सरकारों ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं कि जिससे अधिकारियों-कर्मचारियों में भय व्याप्त हो सके। विपक्षी दल बेशक केंद्र पर बदले की कार्रवाई से ईडी और सीबीआई की कार्रवाई का आरोप लगाते रहें, किन्तु गैर भाजपा शासित राज्यों में सरकारी तंत्र को सुधारने के लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया। यही वजह भी रही कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर हमलावर रही है। विपक्षी दल जब तक भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों पर स्पष्ट और पारदर्शिता की नीति नहीं अपाएंगे तब तक चुनाव में आम लोगों का विश्वास जीतना आसान नहीं होगा। – 'प्रभासाक्षी' साभार

## हेल्थ

# ऑस्टियोपोरोसिस के बढ़ते जा रहे हैं रोगी

**बाल मुकुन्द ओझा**

मोबाइल : 9414441218

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है जो हर साल 20 अक्टूबर को मनाया जाता है। विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस 2023 की थीम अपनी हड्डियों से प्यार करें। अपने भविष्य की रक्षा करें जो हर किसी को तीन आसान चरणों का पालन करके ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में मदद करने की याद दिलाता है। ये है वजन सहने वाले जोड़ों का व्यायाम सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त विटामिन डी मिल रहा है और भरपूर मात्रा में कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें। इस विषय को समग्र हड्डी के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए चुना गया है। यह खास दिन ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान और उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। आधुनिक जीवन शैली, रहन सहन, खान पान और शारीरिक श्रम के प्रति घोर लापरवाही ने मानव शरीर को अनेक व्याधियों ने जकड़ लिया है। इन व्याधियों से निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर बहुआयामी प्रयास किये जा रहे है। इनमें एक व्याधि ऑस्टियोपोरोसिस की है। ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हमारे देश में दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ रही है। आज घर घर में इससे पीड़ित लोग देखने को मिल जाते है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ऑस्टियोपोरोसिस एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या के रूप में हृदय रोग के बाद दूसरे स्थान पर आ चुका है। शरीर में बैक पेन, कमर में दर्द, गर्दन में दर्द, घुटने में दर्द या शरीर के किसी भी भाग में हड्डियों में दर्द हो तो आप को तुरंत सावधान हो जाना चाहिए। आपकी हड्डियों की यह शारीरिक पीड़ा ऑस्टियोपोरोसिस हो सकती है। ऑस्टियोपोरोसिस का मतलब हड्डियों का कमजोर और क्षीण होना।

जमाने के बदलने के साथ मानव की आदतें भी बदलती रहती है। शारीरिक श्रम नहीं के बराबर होता है। पुराने जमाने में खान पान के साथ शरीर सौष्ठव का भी विशेष ध्यान रखा जाता था। शरीर कसरती और मेहनत बेशुमार होती थी। महिला और पुरुष दूरदराज के कुएं, तालाब, बावड़ी आदि पानी श्रोतों से मटकों या अन्य साधनों से पीने का पानी लाते थे। घर पर पत्थर की चक्की में आटा पीसने का रिवाज था। घर घर में गाय भैंस का काम भी बहुतायत से किया जाता था। पैदल या साईकिल का स्थान स्कूटर, मोटर साईकिल और चार पहियों के वाहनों ने ले लिया। कबड्डी और कुश्ती जैसे खेल भी गली मोहल्लों में देखने को मिल जाते थे। कहने का तात्पर्य है भरपूर खाते पीते थे तो उसके मुकाबले मेहनत के कामों में भी पीछे नहीं रहते। समय के साथ हमारी दिनचर्या और खान पान की प्रणाली बदली जिसके फलस्वरूप आधुनिक जीवन शैली के अनुरूप हमने अपने को ढालना शुरू कर दिया। भारत में हर आठ में से एक पुरुष और हर तीन में एक महिला ऑस्टियोपोरोसिस की शिकार है। मुख्यत: 30 से 60 वर्ष के लोग इस बीमारी के शिकार होते हैं। कम उम्र के युवाओं को भी इसका शिकार होना पड़ रहा है। फिर उम्रभर लगातार फिजियो और अन्य चिकित्सकीय साधनों पर निर्भरता बढ़ जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि पीठ में दर्द, कद का छोटा पड़ना या आगे की तरफ झुक जाना इसके कुछ महत्वपूर्ण लक्षण हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में लगभग तीन करोड़ लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं, जिसमें 70 प्रतिशत महिलाएं हैं। रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं में एस्ट्रोजेन हार्मोन कम बनने लगता है, जिससे हड्डियों के कमजोर होने का खतरा बढ़ जाता है। बच्चे को जन्म देने के दौरान भी महिलाओं में कैल्शियम की कमी हो जाती है, जिसकी भरपाई कर पाना अक्सर मुश्किल होता है। इसलिए 45 से 50 साल की जिन महिलाओं में मासिक धर्म अनियमित हो गया हो, उन्हें कैल्शियम लेना शुरू कर देना चाहिए। इस रोग से बचाव जागरूकता ही है।

## चिंतन

# वैश्विक शांति, उन्नति होती छिन्न भिन्न

**संजीव ठाकुर**

मोबाइल : 9009 415 415

वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर धार्मिक अतिवाद औपनिवेशिक विस्तारवाद के कारण कई देशों के मध्य युद्ध तथा हिंसा का तांडव मचा हुआ है, जो वैश्विक शांति, मानवता, सौहार्द के लिए सर्वथा बहुत ज्यादा घातक एवं भविष्य में अप्रिय परिणाम देने वाले हैं। धर्म की अवधारणा परोपकार, जनकल्याण, अहिंसा तथा मानवता को निरंतर आगे बढ़ाना है। जबकि अतिवाद किसी मान्यता विचार व अवधारणा को जबरन लागू करने की प्रक्रियागत सोच है। अतिवाद ही किसी भी विचारधारा या किसी पंथ को अति होने तक ले जाना है। अतिवाद किसी भी धार्मिक और राजनीतिक विषय में ऐसी विचारधारा के लिए प्रयुक्त होता है जो समाज की मुख्यधारा के नजरिए को स्वीकार नहीं करती है। यह एक ऐसा राजनीतिक अथवा धार्मिक सिद्धांत है जो अमर्यादित नीति का पक्षधर है तथा इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाइश भी नही होतीहै। यह धर्म की ओर एवं कठोर मान्यताओं को लोगों पर जबरदस्ती थोपने का कार्य करता है, तथा हिंसा ,हत्या बलात्कार आदि को सर्व मान्य रूप से सही ठहराता है। भारत में धार्मिक विवाद का असर युवाओं पर सबसे ज्यादा पड़ता है क्योंकि युवा मन अपरिपक्व तथा किसी विचारधारा में ढला हुआ नहीं रहता और भारत में 65 प्रतिशत 35 साल से कम उम्र के युवा निवासरत हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैश्र स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा, विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं।

भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई जातीय संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी, बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा। किसी बात का विरोध हिंसा के बिगड़े स्वरूप की तरफ शासकीय संपत्ति को नष्ट करना देश हित में नहीं।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इजराइली नेताओं से बातचीत में मानवीय सहायता की बात को 'बेहद बेबाकी' से रखा : बाइडन

**वाशिंगटन/भाषा**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि इजराइल के नेताओं के साथ बातचीत में उन्होंने इस बात को बेहद बेबाकी से रखा कि यदि हमास के साथ जारी संघर्ष के कारण विस्थापित गाजा के लोगों के संकट को दूर करने के लिए मानवीय सहायता की अनुमति नहीं दी जाती तो इजराइली नेताओं को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इजराइल बेहद पीड़ित रहा है, बावजूद इसके अगर उसने गाजा के लोगों की पीड़ा को कम करने का अवसर नहीं तलाशे तो वह दुनिया भर में अपनी विश्वसनीयता खो देगा।

इजराइल ने हमास के आतंकवादियों के खिलाफ संभावित जमीनी अभियान के पहले उत्तरी गाजा में रहने वाले 11 लाख फलस्तीनियों को दक्षिण की ओर चले जाने का निर्देश दिया था। सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के भीषण हमले में 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने आगाह किया कि गाजा के शहर में अभूतपूर्व मानवीय संकट पैदा होने की आशंका है।

बाइडन ने तेल अवीव से लौटते समय अपने विशेष विमान 'एयरफोर्स वन' पर पत्रकारों से कहा, संभवत: उन्होंने आपको बताया होगा कि इजराइलियों के साथ बातचीत में मैं बहुत बेबाक रहा। इजराइल की अपनी यात्रा के दौरान बाइडन ने देश के साथ अपनी एकजुटता प्रकट की और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अहम वार्ता की।

इजराइल से लौटते समय बुधवार को बाइडन ने कहा, देखिए, इजराइल बेहद पीड़ित रहा है। लेकिन सच्चाई ये है कि अगर इजराइल उन लोगों के कष्टों को दूर करने का अवसर मिलता है तो उसे उनकी मदद जरूर करनी चाहिए। अगर इजराइल ऐसा नहीं करता है तो उसे इसके लिए जवाबदेह ठहराया जा सकता है, जो अनुचित हो सकता है।

हमास के आतंकवादी हमले के बाद इजराइल की यात्रा पर पहुंचे बाइडन ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपके पास किसी की पीड़ा को कम करने का अवसर मिलता है तो आपको यह अवश्य करना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो दुनिया भर में अपनी विश्वसनीयता खो देंगे। मुझे लगता है हर कोई इस बात को समझता है।

विशेष रूप से यह पूछे जाने पर कि वह इजराइलियों के साथ बातचीत में किन बातों पर बेबाक रहे, बाइडन ने कहा, सभी मुद्दों पर। उन्होंने कहा, मैं गाजा को मानवीय सहायता मिलने की जरूरत और इसे तुरंत मुहैया कराए जाने पर बेहद बेबाक रहा।

राष्ट्रपति ने कहा कि जब उन्होंने मानवीय सहायता का मुद्दा उठाया तो इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इसका कोई विरोध नहीं किया।

# पांच दिन के नवजात के अंगों ने दिया तीन बच्चों को जीवनदान

**सूरत/भाषा**

गुजरात के सूरत शहर में 'ब्रेन डेड' नवजात के अंगों से तीन बच्चों को नया जीवन मिला है। इन बच्चों को पांच दिन के नवजात के गुर्दे और जिगर दान के रूप में मिले हैं। नवजात का जन्म 13 अक्टूबर को एक निजी अस्पताल में हुआ था। लेकिन माता-पिता की खुशी उस वक्त गम में बदल गई जब चिकित्सकों ने बताया कि वह कोई हरकत नहीं कर रहा है।

गैर सरकारी संगठन जीवनदीप ऑर्गन डोनेशन फाउंडेशन (जेओडीएफ) के प्रबंध न्यासी विपुल तलाविया ने कहा,'नवजात को सूरत शहर में दूसरे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ नहीं हुआ और नवजात को 'ब्रेन डेड' घोषित कर दिया गया।

तलाविया ने बताया कि नवजात की स्थिति की जानकारी मिलते ही वह और सरकारी न्यू सिविल अस्पताल के डॉ निलेश कछाडिया शिशु अस्पताल पहुंचे जहां नवजात भर्ती था। उन्होंने नवजात के माता-पिता हर्ष संघानी और उनकी पत्नी से अंगदान करने का आग्रह किया।

हर्ष एक हीरा कारीगर और अमरेली जिले के रहने वाला है। अपील से प्रभावित होकर दंपति और उनके परिवार के सदस्यों ने अंगदान के लिए अपनी सहमति दे दी। तलाविया ने कहा, परिवार की सहमति मिलने के बाद पीपी सवानी अस्पताल के चिकित्सकों ने बुधवार को शिशु के शरीर से दोनों गुर्दे, कॉर्निया, जिगर और तिल्ली निकाल ली। उन्होंने कहा,'हमें अभी पता चला है कि नवजात के जिगर को नई दिल्ली में नौ महीने के एक बच्चे में प्रतिरोपित किया गया है।

गुर्दा रोग संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ विनीत मिश्रा ने बताया कि नवजात की दोनों गुर्दों से 13 और 15 वर्ष के दो किशोरों को जीवनदान मिला है।

**स्वागत**



श्रीनगर में गुरुवार को पिछले चार दिनों के दौरान बारिश, बर्फबारी और बादल छाए रहने के बाद गुरुवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में तेज धूप ने लोगों का स्वागत किया, जिसके परिणामस्वरूप दिन के तापमान में कुछ सुधार हुआ।

# रूस और उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रियों की हुई मुलाकात

**सियोल/एपी**

रूस और उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रियों ने बृहस्पतिवार को प्योंगयांग में मुलाकात की और माना जा रहा है कि बातचीत दोनों देशों द्वारा उनके सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित हो सकती है। इस मुलाकात के कुछ दिन पहले अमेरिका ने आरोप लगाया था कि उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध के लिए रूस को युद्ध सामग्री की नई खेप भेजी थी। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव दो दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को प्योंगयांग पहुंचे। यहां सर्गेई ने स्वागत भाषण के दौरान कहा कि वह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में मजबूत समर्थन के लिए उत्तर कोरिया का धन्यवाद करते हैं।

लावरोव की यात्रा को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या दोनों देश इस बारे में कोई संकेत देंगे कि वे अपने सुरक्षा सहयोग को कैसे मजबूत करेंगे। वहीं, इस यात्रा के दौरान रूस द्वारा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की प्योंगयांग की प्रस्तावित यात्रा के कार्यक्रम की घोषणा करने की भी अटकलें हैं। पुतिन ने पिछले महीने रूस आए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से उनके देश आना का वादा किया था।

किम ने रूस की अपनी यात्रा के दौरान रूस के सबसे महत्वपूर्ण घरेलू अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में पुतिन से मुलाकात करने के साथ ही अन्य प्रमुख रूसी हथियार बनाने वाले स्थलों का निरीक्षण किया था। इसके बाद चर्चा तेज हो गई थी कि किम, रूस के युद्ध में समाप्त हो चुके हथियारों की खेप को फिर से भरने के लिए पारंपरिक हथियारों की आपूर्ति के बदले अपने परमाणु शस्त्रागार को आधुनिक बनाने के वास्ते परिष्कृत रूसी प्रौद्योगिकियों की तलाश कर रहे हैं।रूस की सरकारी इंटरफैक्स समाचार एजेंसी के अनुसार, लावरोव ने बृहस्पतिवार को कोरियाई विदेश मंत्री चोए सुन हुई के साथ बैठक की शुरुआत में कहा, वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में 13 सितंबर को हुए राष्ट्रपति पुतिन और गृह मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि संबंध गुणात्मक रूप से नए रणनीतिक स्तर पर पहुंच गए हैं। दोनों देशों में से किसी ने भी अभी बैठक को लेकर जानकारी नहीं दी है।

लावरोव ने बुधवार को कहा था कि उनकी यात्रा का उद्देश्य पुतिन और किम के बीच सितंबर शिखर सम्मेलन के दौरान हुए अनिर्दिष्ट समझौतों को लागू करने पर चर्चा करना था। व्हाइट हाउस ने गत शुक्रवार को कहा था कि उत्तर कोरिया ने रूस को सैन्य उपकरण और युद्ध सामग्री के 1,000 से अधिक कंटेनर पहुंचाए हैं।



**दशहरा उत्सव**

विदेशी पर्यटक गुरुवार को नई दिल्ली में दशहरा उत्सव से पहले सड़क किनारे एक दुकान से खरीदारी करने के बाद राक्षस राजा रावण के छोटे पुतले ले जाते हुए।




# 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे टाइगर श्रॉफ

**मुंबई/भाषा**

रोहित शेट्टी का पुलिस जगत टाइगर श्रॉफ के शामिल होने से बड़ा होने जा रहा है जिसमें अभिनेता फिल्म निर्माता की आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। 'हीरोपंथी', 'बागी' और 'वॉर' जैसी फिल्मों में मुख्य किरदार निभाने वाले श्रॉफ 'सिंघम अगेन' में एसीपी सत्या की भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में अजय देवगन मुख्य भूमिका में है। शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर अभिनेता की तस्वीर साझा करते हुए लिखा,'विशेष कार्य बल अधिकारी एसीपी सत्या से मिलिए, ये सच की तरह अमर हैं। दल में स्वागत है... टाइगर।' शेट्टी के इस पोस्ट पर श्रॉफ ने भी जवाब दिया, वहीं अजय देवगन ने भी टाइगर का फिल्म में स्वागत किया है। 'सिंघम अगेन' देवगन अभिनीत 'सिंघम' श्रृंखला की तीसरी फिल्म है जिसकी शुरुआत पहली फिल्म 'सिंघम' से वर्ष 2011 में हुई थी और उसके बाद 'सिंघम रिटर्न्स' आई। शेट्टी के पुलिस जगत में दो फिल्में और हैं जिसमें से एक रणवीर सिंह की वर्ष 2018 में आई 'सिम्बा' और दूसरी वर्ष 2021 में रिलीज हुई अक्षय कुमार की 'सूर्यवंशी' है।

'सिंघम अगेन' में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भी हैं जो पुलिस अधिकारी शक्ति शेट्टी की भूमिका निभाएंगी। उनके किरदार को इन पुलिस कलाकारों में सबसे क्रूर और हिंसक कहा जाता है। 'सिंघम अगेन' में सिंह यानी संग्राम भालेराव उर्फ सिम्बा भी नजर आएंगे। वहीं अवनि कामत की भूमिका निभाने वाली करीना कपूर खान भी तीसरे भाग में वापसी कर रही हैं।

# जयशंकर ने सिंगापुर के रक्षा मंत्री से मुलाकात की

सिंगापुर/भाषा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर के रक्षा मंत्री एनजी इंग हेन से मुलाकात की और आसियान तथा पूर्वी एशिया के देशों में भारत के राजदूतों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता भी की। दक्षिण पूर्व एशिया में अपने दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर आए जयशंकर सिंगापुर के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करेंगे तथा आगे साझेदारी के लिए अवसर तलाशेंगे। उन्होंने 'एक्स' (पूर्व में टवीटर) पर पोस्ट में लिखा, मेरे मित्र रक्षा मंत्री एन इंग हेन से आज अच्छी मुलाकात हुई। हमारे राजदूतों के सम्मेलन को संबोधित करने के लिए उनका आभार। उनके रणनीतिक ज्ञान और आकलन का हमेशा प्रशंसक रहा हूं। विदेश मंत्री ने आसियान और पूर्वी एशियाई देशों में भारत के राजदूतों के क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, हमारी बातचीत में क्षेत्र के घटनाक्रम का जायजा लिया गया और भारत के लिए उनके प्रभावों का आकलन किया गया।



# 'टाइगर 3' के लिए साथ आए सलमान खान, अरिजीत सिंह

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता सलमान खान और पार्श्व गायक अरिजीत सिंह ने पहली बार आगामी फिल्म 'टाइगर 3' के लिए हाथ मिलाया है। प्रोडक्शन बैनर यशराज फिल्म्स ने मीडिया में जारी एक बयान में 'टाइगर 3' में अरिजीत के गाए दो गानों के बारे में बताया। पहला गाना 'लेके प्रभु का नाम' एक 'डांस नंबर' है जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ नजर आएंगे। यह गाना सोमवार को रिलीज होगा और दूसरा गाना एक रोमांटिक गीत है।

'टाइगर 3' के संगीतकार प्रीतम ने दोनों कलाकारों के बीच पहली साझेदारी को लेकर उत्सुकता जाहिर की है। प्रीतम ने एक बयान में कहा, ''यह ऐसी साझेदारी थी जिसका लंबे समय से इंतजार था। सलमान खान बड़े अभिनेता हैं और अरिजीत हमारी पीढ़ी के शीर्ष गायक हैं। ये बड़े दिग्गज एक गीत के लिए साथ आ रहे हैं जिसका काफी समय से इंतजार था और हम इस बात से बेहद रोमांचित हैं कि यह 'टाइगर 3' में होने जा रहा है।''

'टाइगर' श्रृंखला की तीसरी फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है। जासूसी, थ्रिलर फिल्म में सलमान और कैटरीना अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखेंगे। वर्ष 2014 में एक पुरस्कार समारोह में टकराव के बाद से सलमान और अरिजीत के बीच संबंधों में कथित रूप से खटास आ गई थी। फिल्म में इमरान हाशमी, कुमुद मिश्रा, रेवती, रिद्धि डोगरा और अनंत विधात एवं अन्य कलाकार नजर आने वाले हैं। 'टाइगर 3' विश्वभर में 12 नवंबर को रिलीज होने वाली है।



# फिल्म 'आंख मिचौली' तीन नवंबर को रिलीज होगी

**मुंबई/भाषा**

फिल्म निर्माता उमेश शुक्ला की आगामी पारिवारिक कॉमेडी फिल्म 'आंख मिचौली' तीन नवंबर को रिलीज होगी। निर्माताओं ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। परेश रावल, मृणाल ठाकुर, अभिमन्यु, शरमन जोशी और दिव्या दत्ता जैसे कलाकारों से सजी यह फिल्म पहले 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में आने वाली थी। सोनी पिक्चर्स फिल्म्स इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'आपकी दिवाली की छुट्टियों को खुशी से भरने के लिए 'आंख मिचौली' तीन नवंबर को सिनेमाघरों में आ रही है। अपनी भावाओं के साथ लुका-छुपी खेलने और नजदीकी सिनेमाघर में जाने के लिए तैयार हो जाइए।' फिल्म की संक्षिप्त जानकारी के अनुसार, '' 'आंख मिचौली' की कहानी एक भारतीय शादी के इर्द-गिर्द चलती है जिसमें एक दूसरे से बिल्कुल अलग दो परिवारों के बीच हास्यास्पद किस्सों को दिखाया गया है।''

जितेंद्र परमार द्वारा लिखी गई इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज भी हैं। इस फिल्म का निर्माण सोनी पिक्चर्स इंटरनेशनल प्रोडक्शन्स, उमेश शुक्ला और आशीष वाघ के मैरी गो राउंड स्टूडियोज ने किया है।

**गरबा प्रेमी**



पटना में गुरुवार को नवरात्रि उत्सव के अवसर पर गरबा प्रेमी पारंपरिक गरबा नृत्य पोशाक में।

# फिटनेस प्रेमी हैं अभिनेत्री आशी सिंह

**मुंबई/एजेन्सी**



शो 'मीत' में नजर आने वाली अभिनेत्री आशी सिंह ने अपनी फिटनेस पर बात करते हुए कहा कि वह फिट रहने के लिए हर सुबह वर्कआउट करना पसंद करती हैं। निश्चित रूप से काम की प्रतिबद्धताओं बीच फिट और स्वस्थ रहना कठिन है। लेकिन आशी हर चीज को संतुलित करने के लिए अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालती हैं। आशी ने कहा, मैं अपने दिन की शुरुआत सुबह 6 बजे वर्कआउट से करती हूं जो मुझे ऊर्जा से भर देता है। मैं जिम में विभिन्न तकनीकें सीख रही हूं।''

उन्होंने कहा, ''इसके अलावा यह मेरे लिए तनाव कम करने का तरीका बन गया है। जब मैं जिम में होती हूं, तो मेरा सारा तनाव और थकान गायब हो जाती है। यह मेरा नया प्यार है और मैं अपने फिटनेस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उत्सुक हूं। वर्कआउट करने से मुझे फिट दिखने में मदद मिलती है,भले ही लंबे समय तक शूटिंग करनी पड़े।'' 16 साल की छलांग के बाद दर्शक मीत की बेटी, सुमीत (आशी सिंह) की कहानी से आकर्षित हो गए हैं, जो अपनी मां के नाम को बरकरार रखने की कोशिश कर रही है। 'मीत' जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# थलपति विजय ने नया वर्जन 'मास्टर एक्स लियो' किया जारी



**नई दिल्ली/एजेन्सी**

थलपति विजय की 'लियो' अपने बीजीएम का नया वर्जन लेकर आई है, जिसका नाम 'मास्टर एक्स लियो' है। यह स्वैग से भरपूर है। 'लियो' का म्यूजिक उस्ताद अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है, जिन्होंने हाल ही में एसआरके-स्टारर और एटली निर्देशित 'जवान' के लिए म्यूजिक तैयार किया था, जिसके लिए उन्होंने काफी प्रशंसा मिली थी। 'लियो' के मामले में अनिरुद्ध का साउंडट्रैक बहुत डार्कर है। यह इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हिप-हॉप, एंबिएंट म्यूजिक जैसे एलिमेंट्स को भी जोड़ता है। इस बीजीएम का नया वर्जन साउंडट्रैक का रीमिक्स वर्जन है। यह मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक-रॉक इन्फ्यूज्ड गैंगस्टा रैप पर निर्भर करता है। ओरिजनल वर्जन ज्यादातर रॉक रिफ़्स और गैंगस्टा रैप वाइब्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक है, 'मास्टर एक्स लियो' वर्जन ओरिजनल की तुलना में ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक और हिप-हॉप से युक्त है। अनिरुद्ध को म्यूजिकल क्रिएटिविटी और साउंड एक्सपेरिमेंट के लिए काफी प्रशंसा मिली है। म्यूजिक वीडियो फिल्म के कई क्लिप दिखाता है और इसे अलग-अलग एनिमेटेड सीन्स के साथ काटता है। इसमें थलपति विजय का ट्रेन के अंदर गुंडों से लड़ना, संजय दत्त द्वारा उसका पीछा करना और फिर तलवार बनाने की क्लिप शामिल है, जिसे वह बाद में चॉकलेट में ढक देते हैं।

'लियो' का निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है और इसमें थलपति विजय, संजय दत्त, तृषा कृष्णन, अर्जुन, गौतम वासुदेव मेनन और प्रिया आनंद जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म 19 अक्टूबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

यहाँ की केआरएस रोड पर स्थित श्री आईमाता मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में चल रही भागवत कथा में कथावाचक बालयोगी संत मनोजकुमारजी ने कहा कि भगवान् के चरणों में अपने मन को चढ़ा दो जिससे आपका पूरा जीवन सफल हो जायेगा।

## नवरात्रि महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



असमी ब्राइडल मेकअप स्टूडियो द्वारा बेंगलूरु के मल्लेश्वरम स्थित शुक्रा ऑडिटोरियम में नवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में महेंद्र मुणोत ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस मौके पर 50 से भी ज्यादा छात्राओं ने मां दुर्गा का रूप धारण कर नृत्य प्रस्तुति दी जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात जहां नारी की पूजा होती है ऐसे स्थान पर देवता भी वास करते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि शक्ति की पूजा का समय है ऐसे में हम सभी को प्रण लेना चाहिए कि हम जीवन पर्यन्त नारी शक्ति का सम्मान करेंगे।






# ‘प्रभु चरण में मन को अर्पित कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरू। यहाँ की केआरएस रोड पर स्थित श्री आईमाता मंदिर के प्रांगण में नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में चल रही भागवत कथा में कथावाचक बालयोगी संत मनोजकुमारजी ने कहा कि भगवान के चरणों में अपने मन को चढ़ा दो जिससे आपका पूरा जीवन सफल हो जायेगा। जब आप अपना ध्यान ईश्वर के चरणों में लगाएंगे तब आपकी पुकार भगवान के चरणों में पहुंचेगी।

सच्चे मन से ईश्वर को याद करने से भगवान आपकी पुकार जरूर सुनेंगे साथ ही आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा। बच्चों को रोजाना घर में प्रभु का ध्यान करना चाहिए। इस अवसर पर संतश्री ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# मनुष्य जन्म, जिनवाणी श्रवण, धर्म पर श्रद्धा व आचरण अति दुर्लभ : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. के सान्निध्य में पुच्छीसुणं का संपुट्ट जाप का आयोजन चल रहा है। महासती ने उन्नतीसवीं गाथा का संपृष्ट जाप किया गया। जाप के बाद गाथा का विवेचन करते हुए साध्वीश्री ऋषिताश्रीजी ने कहा कि पिछली गाथाओं में सुधर्मा स्वामी ने तीर्थंकर भगवान के गुणों का वर्णन बताकर अपने शिष्यों से कहते हैं कि केवलज्ञानी अर्थात संपूर्ण ज्ञानी अरिहंत भगवान द्वारा कहा हुआ यह धर्म युक्ति संगत, शुद्ध एवं निर्दोष हेतुओं से संगत है। जो जीव इस पर श्रद्धा करते हैं वे अपने कर्मों का क्षय कर मोक्ष को प्राप्त करते हैं। यदि कुछ कर्म शेष रह जाए तो आने वाली भव में देवताओं के अधिपति इंद्र बनते हैं और दूसरे भव में मोक्ष को प्राप्त कर लेते हैं। जीव को चार बातें प्राप्त होना दुर्लभ हैं। पहला, मनुष्य जन्म। जीव अपने कर्मों के अनुसार जन्म लेता है। लेकिन अनंत काल तक अनेक अनेक शुभकर्म करने की पश्चात मनुष्य भव में जन्म मिलता है। दूसरा, जिनवाणी श्रवण। तीर्थंकरों ने अपने ज्ञान में संसारी जीवों के दुखों को देखकर उनको सुखी बनाने के लिए जिनवाणी का वाचन किया। मनुष्य भव प्राप्त करने के बाद दुखों का निवारण करने वाली जिनवाणी का श्रवण बहुत दुर्लभ है। तीसरा,धर्म पर श्रद्धा, जिनवाणी सुनने के बाद उस पर श्रद्धा प्रतीति होना बहुत कठिन है। चौथा, धर्म में आचरण अथवा संयम में पराक्रम, जिन्होंने धर्म को अपने आचरण में ला लिया, उनका बेड़ा पार अवश्यंभव है।

साध्वी प्रियंगीश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। पुच्छीसुणं जाप के लाभार्थी अशोककुमार महेंद्रकुमार रांका परिवार थे। आज से नवपद की आराधना साधना प्रारंभ होगी। तन्मय ढेलड़िया ने संघ की सूचनाओं दी।





# नवरात्रि के मौके पर चल रही राम कथा में धूमधाम से मनाया गया राम जन्मोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय सीरवी सेवा संघ लिंगराजपुरम बड़ेर के तत्वावधान में श्री आईमाता मंदिर प्रांगण में चल रहे नौदिवसीय नवरात्रि महोत्सव एवं श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साह व उमंग के साथ जमकर नृत्य किया और कथा का रसास्वादन किया। राम कथा का वाचन कर रहे पंडित नेमीचन्द शास्त्री ने श्री राम जन्म से सम्बन्धित विविध प्रसंगों का श्रवण कराया। कथा के पश्चात महिला मंडल की ओर से संचालित गरबा डांडिया कार्यक्रम में सबने जमकर गरबा खेला। बीच-बीच में माताजी के जयकारों की जयघोष से सभागार गूंजता रहा। सेवा संघ की ओर से मंदिर प्रांगण में आयोजित नवरात्रि महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर सेवा संघ के अध्यक्ष नारायणलाल परिहार, सहसचिव जुगराज चोयल, शिवलाल गेहलोत, बाबूलाल मुलेवा, पूर्व अध्यक्ष पोकरराम बर्फा, प्रभुराम काग, रतनलाल सोलंकी, कुनाराम परिहार, महिला मंडल से वनीता देवी राठौड़ एवं नवयुवक मंडल के सदस्यगण मौजूद थे। यह जानकारी सहसचिव जुगराज चोयल ने दी।




# जीतो बेलगावी चैप्टर के नए पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो बेलगावी चैप्टर की नई कार्यकारिणी समिति ने एपेक्स अध्यक्ष अभय श्रीश्रीमाल की उपस्थिति में शपथ ली। वीरध्वल उपाध्ये ने चेयरमैन, हर्षवर्धन इचल व प्रवीण सामसुखा ने सहचेयरमैन, अशोक कटारिया ने मुख्य सचिव, अभय अधिमानी व संजीव दोड्डनावर ने मंत्री, विजय पाटिल ने कोषाध्यक्ष, अमित शाह ने सहकोषाध्यक्ष, दीपक धादुत्ती, शीतल संघवी ने सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।

इस मौके पर बेलगावी दक्षिण के विधायक अभय पाटिल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर जीतो अपेक्स के सहचेयरमैन राजेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष कांतिलाल ओस्तवाल, एपेक्स श्रमण आरोग्यम के अध्यक्ष रमेश हरण, एपेक्स निदेशक मनोज जैन, नरेन्द्र सामर, संजय सेठिया, शेलेष हरण, विनोद जैन, युवा उपाध्यक्ष रजत हरडी, केकेजी जोन चेयरमैन अशोक सालेचा, जोन सहचेयरमैन प्रवीण बाफना, महासचिव दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, महावीर पारख आदि उपस्थित थे।



# जीतो जेबीएन पायोनियर्स की बैठक में हुई व्यवसायिक चर्चा

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। ‘जीतो जेबीएन का दृष्टिकोण केवल अपने सदस्यों के व्यवसाय तक ही सीमित न होकर समाज की बेहतरी के लिये कुछ देने की भावना के साथ एक दूसरे के योगदान में मदद करने को भी तत्पर रहना भी है। विश्वस्तरीय दृष्टिकोण एवं प्रस्तुति में रुचि रखने वाले युवाओं के लिये यह प्रशिक्षण का मैदान भी है। निःसंकोच आने वाले समय में इस मंच के जरिये व्यवसायिक नेता भी पैदा होंगे।’ यह बात जीतो नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जेबीएन पायोनियर्स की बैठक में कही। उन्होंने नव नियुक्त लीडरशिप टीम से कहा कि सकारात्मक सोच सफलता का पहला सोपान है।

अध्यक्ष आशीष भंसाली ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं के व्यवसायिक उन्नति के बढ़ते अवसरों को भुनाने के लिये युवा व्यवसायियों को जेबीएन से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जेबीएन द्वारा किये जाने वाले कार्यों में जीतो के प्रमुख उद्धेश्यों सेवा, ज्ञान एवं आर्थिक सशक्तिकरण की झलक भी मिलती है। सचिव रिंकू बाफना के अनुसार सभा में उपस्थित 37 सदस्यों के बीच 33 रेफ़रलो के माध्यम से लगभग 22 लाख का व्यापार हुआ। उन्होंने बताया कि अलग-अलग श्रेणियों के तीन नये सदस्यों को पायोनियर्स में सम्मिलित किया गया। जीतो नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि नवगठित लीडरशिप टीम जीतो के मानको को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यकाल के लिये लक्ष्यों को निर्धारित कर आगे बढ़ रही है। प्रशिक्षक विकास नागोरी ने ब्रांडिंग विषय पर उपस्थित सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। उपाध्यक्ष मेहुल सकलेचा ने सभा का संचालन किया।



### मां का अलौकिक श्रृंगार

बेंगलूरु के बलेपेट स्थित सीरवी समाज आई माता मंदिर में नवरात्रि का विशेष आयोजन व आराधना पूरे हर्षोल्लास से चल रही है। रोजाना मंदिर में माता प्रतिमा की विशेष श्रृंगार किया जा रहा है, उसी श्रृंखला में मां भगवती का भिंडी व अन्य सब्जियों से बहुत ही मनोरम श्रृंगार किया गया।

# जैन जगत की परंपरा शुरू से ही साधनाशील रही है : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

राणेबेन्नूरु/दक्षिण भारत। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागर सूरीश्वरजी की निश्रा में माणिभद्र महाराजा वीर का साधना दिवस के उपलक्ष्य में पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आचार्यश्री ने कहा कि जैन जगत में कई सम्यग्रहष्टा सात्विक देवों का प्रतिस्तापन हुआ है। ये सब साधनाओं से तैयार की गई शक्तियाँ हैं। महान जैनाचार्यों ने समय समय पर साधना के बलबूते पर इन्हें प्रगट किया, उस काल में उनके प्रत्यक्ष प्रभाव दुनिया ने देखे हैं। अल्पमात्रा में ही सही उनके प्रभाव इस काल में भी देखने को मिलते हैं। सात्विक शक्तियों का ये आधार साधनाओं के आधार पर सफल हो सका है। जैन जगत की परंपरा शुरू से ही साधनाशील रही है। आचार्यश्री ने कहा कि साधनाओं के लिए पहला नियम होता है सदाचार। गलत, गंदे विचारों, गलत आचरण से मुक्त बनें तो साधना के क्षेत्र में हमारी गति प्रगति हो सकती है। व्यसनमुक्त मुक्त जीवन भी साधना के लिए अत्यन्त जरूरी है। साधना के लिए सबसे पहले भीतर की पवित्रता आवश्यक है।



अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के लाभार्थियों का सम्मान

# भारत की संस्कृति मंदिरों, मूर्तियों और तीर्थों की संस्कृति है : साध्वी भव्यगुणाश्री

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि हमारी संस्कृति थियेटर की, मॉडल की या पिकनिक स्पॉट की संस्कृति नहीं है। हमारी संस्कृति मंदिरों, मूर्तियों और तीर्थों की संस्कृति है। भारत की पवित्र भूमि थियेटरों की नही, मंदिरों की है। थियेटर की संस्कृति हमारी बाहरी चेतना का प्रदर्शन करती है।

थियेटर की संस्कृति हमें एक ऐसे स्वप्न संसार की ओर ले जाती है जो अस्तित्वहीन है तथा जो हमें माया- मोह की नींद में सुला देता है। थियेटर की संस्कृति एक प्रकार से आत्मविस्मरण की ओर ले जाती है जबकि मंदिर और मंदिर की संस्कृति आत्मजागरण की ओर ले जाती है। हमारी संस्कृति मॉडलों की नहीं मूर्तियों की है। मॉडल्स हमारा मनोरंजन तो कर सकते हैं, क्षणिक सुख दे सकते हैं किंतु आत्मसाधना की ओर प्रेरित करती है मूर्तियाँ। हमारी संस्कृति पिकनिक स्पाट्स की नहीं, तीर्थों की संस्कृति है। एक्टर-एक्ट्रेस की नहीं अपितु संतों-महंतों की, साधु-साध्वियों की, योगी-पुरुषों की संस्कृति हैं।

पारस भंसाली ने बताया कि साध्वी भव्यगुणा श्री की जन्म भूमि मध्यप्रदेश रतलाम नगर में जिन मंदिर और गुरुमंदिर की प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त प्रदान किया गया, शंखेश्वर महातीर्थ में विराजित लेखेन्द्रसूरीश्वरजी गुरुदेव की प्रेरणा से लाभार्थी शांतिलाल केशरीमल परिवार एवं श्रीराज भव्य शीतल चैरिटेबल ट्रस्ट मंडल के सदस्यों को 19 मई को अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त प्रदान किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अनेक सदस्य उपस्थित थे। संगीतकार नरेंद्र वाणीगोता ने भजनों की प्रस्तुति दी। हेमंतकुमार-सुरेश कुमार ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। पार्श्व पद्मावती ट्रस्ट द्वारा लाभार्थी परिवार का सम्मान किया गया।

# साधना से ही समय और ज्ञान के शिखर पर चढ़ा जा सकता है : मुनिश्री राजपद्मसागर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के श्रीरामपुरम एलएनपुरम श्री शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में मां भगवती सरस्वती माता की आराधना मुनिश्री राजपद्मसागरजी एवं श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में चल रही है। अनुष्ठान के दौरान बहुत सारे भाग्यशालियों ने मां सरस्वती की आराधना की है और आज इस आराधना का आखिरी दिन है। हम हिमालय में बैठे हुए हैं, क्योंकि ज्ञान द्वारा ही हम लोग आगे बढ़ सकते हैं जीवन में उन्नति प्राप्त कर सकते हैं और जीवन की प्रगति भी होती है। इसलिए हमारे जीवन के अंदर मनुष्य जीवन अगर सही तरीके से जीना हो तो सबसे आवश्यक है ज्ञान। मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने बताया कि तपागच्छ के रक्षक मणिभद्र वीर का प्राकट्य दिवस है और उनकी पूजा अर्चना एवं स्तुति करने से जीवन में अटके हुए कार्य सिद्ध होते है और सारी मनोकामना पूर्ण होती है। मुनिश्री ने मणिभद्र वीर की कृपा के अनेक दृष्टांत सुनाए तथा कहा कि वीर प्रभु की कृपा जिस पर हो जाए उसका कल्याण हो जाता है। गुरुवार को शाम को मां सरस्वती देवी की आराधना के समापन के मौके पर भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें शैलेश सेठिया ने बांसुरी धुन की प्रस्तुति दी। संघ सचिव नरेंद्र आच्छा ने बताया कि शुक्रवार को सरस्वती माता का महापूजन होगा तथा आसोज महीने की शाश्वत ओलियां प्रारंभ होगी।





श्री सुराणा संघ (रजि.), बेंगलुरु एवं
श्रीमती भवरीबाई घेवरचंदजी सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट के
संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव
दि. 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2023
भव्य विराट भक्ति संध्या : रविवार, 22 अक्टूबर 2023

सम्माननीय बंधुवर,
श्री सुराणा संघ एवं श्रीमती भवरीबाई घेवरचंदजी सुराणा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आसोज मास का नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । नवरात्रि महोत्सव के आठवें दिन रविवार, दि. 22 अक्टूबर 2023 आसोज सुदी अष्टमी को भक्ति संध्या का आयोजन रखा गया है । होसूर रोड स्थित श्री सुसवाणी माता धाम में माताजी के सभी भक्तों को महोत्सव एवं भक्ति संध्या में पधारने का सविनय आग्रह ।

विराट भक्ति संध्या के मुख्य प्रायोजक:
श्री बी. सोहनलालजी, नितिनजी, पक्षाल सुराणा, हलसूर (पीपाड सिटी-राज.)

प्रायोजक: श्री सुराणा संघ स्थाई जमा निधि
सहयोगी : श्री सुराणा संघ सदस्य परिवार



सुप्रसिद्ध विख्यात गायिक,
खुशबू कुंभट जोधपुर, द्वारा भजनों की सुन्दर प्रस्तुति
संगीतकार रामू सिसोदिया एंड पार्टी बेंगलुरु
समय : ठीक 6.45 बजे से 9.30 बजे तक

नवरात्रि महोत्सव एवं भक्ति संध्या स्थल : श्री सुसवाणी माताजी धाम
सुराणा नगर, बलगरन्ना हल्ली, होसूर रोड, श्री पार्श्व सुशील धाम के पास, अत्तिबेले, बेंगलुरु - 562107

भक्ति के पूर्व सायं 4.30 बजे से सूर्यास्त पूर्व तक भोजन (प्रसादी) की व्यवस्था रखी गई है ।

विशेष सूचना : नवरात्र महोत्सव में मंदिर परिसर में काले वस्त्र व चमडे का बैल्ट पहनकर आना वर्जित है

पदयात्रा : रविवार, दि. 22 अक्टूबर 2023 को प्रातः ठीक 7.00 बजे नारायण हृदयालय के सामने पैदल संघ यात्रिकों का स्वागत एवं बाजते गाजते माताजी-महादेवजी की जय जयकार करते हुए सुसवाणी माताजी धाम तक पैदल यात्रा रवानगी । पैदल संघ का श्री संघ द्वारा यात्रिकों का भव्य सामैय्या एवं स्वागत तथा यात्रिकों को प्रभावना एवं अल्पाहार

पैदल यात्रा संघ के लाभार्थी
श्री छितरमलजी रतनलालजी सुराणा, बसवेश्वरनगर (गोविंदगढ)

निवेदक : श्री सुराणा संघ (रजि.) बेंगलुरु

| चेयरमैन | अध्यक्ष | महामंत्री | पदाधिकारी, |
|---|---|---|---|
| दिलीप सुराणा | महीपाल सुराणा | भीमराज सुराणा | कार्यकारिणी |
| | 96868 50173 | 98441 94330 | एवं समस्त सदस्य |

भक्ति संध्या के दिन मध्याह्न शॉर्प 2.30 बजे बेंगलुरु के निम्न स्थानों से बसों की व्यवस्था रखी गई है ।
कॉक्स टाऊन-हलसूर वाया वनारपेट आशीष : 9741334293, हनुमंतनगर वाया वी.वी.पुरम वर्षित: 9986071905
विजयनगर वाया आरआर नगर रिषभ : 7339713363. गांधीनगर विशाल 9620830030 राजाजीनगर ध्रुव 8660387733

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com